Page 11 | Page 09

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**आयरलैंड दौरे पर जाएंगे वैभव सूर्यवंशी? चयनकर्ताओं ने किया शॉर्टलिस्ट, डेब्यू कर...**

देश

**श्रमिकों कोमिलेगी कम से कम 20 हजार मजदूरी? योगी सरकार ने साफ की स्थिति**




मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • बुधवार • 15 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 133 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,53,930 | ₹ 2,55,000 |



## आज का इतिहास

**1994 :** भारत ने जैकब फील्ड में पहला गेम गंवा दिया, कनास शहर 2-1.1991 से जीता-नेपाली कांग्रेस पार्टी ने आम चुनाव जीता।

**2012 :** पाकिस्तान की एक जेल पर हमले के बाद 400 आतंकवादी फरार हुए।

## न्यूज बाइट्स

### पेट्रोल 18 और डीजल 35 हो सकता है महंगा

**पटना (नि.सं.)।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल 18 और डीजल 35 प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती हैं।

### अमरनाथ धाम के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** शिव भक्तों के लिए इंतजार समाप्त हुआ। बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए पंजीकरण बुधवार से शुरू हो रहा है। यात्रा तीन जुलाई से शुरु होगी जो 57 दिन की होगी। यात्रा रक्षा बंधन वाले दिन 28 अगस्त को संपन्न होगी। यात्रा के लिए प्रथम पूजा 29 जून को होगी यात्रा के लिए एडवांस पंजीकरण ऑनलाइन व ऑफलाइन शुरू होगी। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए देश भर में चार बैंकों की 554 शाखाओं में पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इनमें जम्मू कश्मीर बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व यस बैंक की शाखाएं शामिल हैं। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड सूचित कर चुका है कि आठ अप्रैल के बाद से जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र ही वैध होगा। पहले की तरह पंजीकरण करवाने वाले यात्री की आयु 13 साल से कम और 70 साल की आयु से अधिक नहीं होनी चाहिए। एडवांस पंजीकरण पहले की तरह आधार आधारित बायोमैट्रिक तरीके से होगा। हर श्रद्धालु को आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र बनवाना होगा। प्रति यात्री से एक सौ पचास रुपये की पंजीकरण फीस ली जाएगी। पंजीकरण के साथ ही यात्री को पहलगाम या बालटाल के लिए यात्री परमिट दिया जाएगा।

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का ऐलान, नीतीश कुमार की जगह लेंगे सम्राट

# सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, शपथ आज

## नीतीश कुमार का इस्तीफा, आज शपथग्रहण, पहली बार भाजपा के हाथ में सीएम पद

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और वे राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। एनडीए की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनने जा रहा है, जो राज्य की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ माना जा रहा है।

इससे पहले वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अब नई सरकार राज्य का कामकाज संभालेगी और उन्हें नई सरकार को पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार आगे भी तेजी से विकास की राह पर बढ़ेगा। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह आज पटना स्थित लोकभवन में आयोजित होगा, जहां सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजनीतिक हलकों में इस बदलाव को सत्ता संतुलन और नेतृत्व परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है, जिसका असर आने वाले समय में राज्य की नीतियों और प्रशासनिक दिशा पर साफ नजर आ सकता है।



आज बिहार में भाजपा के लिए बड़ा दिन होगा। पहली बार बीजेपी के किसी नेता को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का मौका मिलेगा। गृह विभाग और विधानसभा अध्यक्ष पद भी भाजपा के पास होगा। जेडीयू को डिप्टी सीएम पद मिलेगा। नए कैबिनेट फॉर्मूला के अनुसार भाजपा-जदयू के 15-15, चिराग पासवान की एलजेपी(आर) के 2 और जीतन राम मांझी की पार्टी हम व उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम के 1-1 नेता मंत्री बन सकते हैं। संभावना यह जताई जा रही है कि आज मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम पद के दावेदार शपथ लेंगे। अन्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण बाद में होगा।

### आगे की रणनीति पर टिकी नजर

अब सभी की नजर नई सरकार की कार्यशैली पर टिकी है। विकास और सुशासन को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। नई सरकार के एजेंडे को लेकर चर्चा तेज है। राज्य में तेजी से फैसले लिए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषक इसे बड़ा बदलाव मान रहे हैं। बिहार की राजनीति में नया दौर शुरू होता दिख रहा है।

### बीजेपी के खाते में सीएम, स्पीकर और गृह मंत्रालय

भाजपा ने जदयू को जोर का झटका धीरे से दिया है। नई सरकार में जदयू के हाथ से सीएम की कुर्सी झपट ली है। इसके बदले पुराने फॉर्मूला वाली कुर्सी भी नहीं देने जा रही है। जदयू को स्पीकर पद नहीं मिलेगा। भाजपा इसे अपने पास रखेगी। जदयू पहले ही गृह विभाग से हाथ धो चुकी है। भाजपा नई सरकार में गृह मंत्रालय भी अपने पास रखेगी। पार्टी के बड़े प्रोफाइल के नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि भाजपा स्पीकर और गृह विभाग जदयू को नहीं देने जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह और जदयू के शीर्ष नेतृत्व के बीच डील फाइनल हो गई है।

# छत्तीसगढ़ के वेदांता पावर प्लांट में भीषण विस्फोट, 10 मजदूरों की हुई मौत

- बॉयलर ब्लास्ट से कई झुलसे, 15 से अधिक घायल, जांच के आदेश, सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल

**एजेंसी | छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता समूह के पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर हुआ भीषण बॉयलर विस्फोट एक बड़े औद्योगिक हादसे के रूप में सामने आया है। इस दुर्घटना में 10 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद पूरे प्लांट परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया, वहीं आसपास के इलाकों में भी इसकी गूंज सुनाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि अचानक तेज धमाके के साथ आग और धुएं का विशाल गुबार उठने लगा। मौके पर मौजूद मजदूर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई श्रमिक आग की चपेट में आकर झुलस गए, जबकि कुछ को गंभीर चोटें आईं। हादसे के समय प्लांट में बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत थे, जिससे जनहानि का आंकड़ा बढ़ गया।

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस बल और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रशासन की ओर से यह आशंका भी जताई जा रही है कि कुछ मजदूर अब भी प्लांट के अंदर फंसे हो सकते हैं, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। प्रारंभिक जांच में बॉयलर के ट्यूब फटने को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित कर दी गई है। विशेषज्ञ यह जांच करेंगे कि क्या यह दुर्घटना तकनीकी खराबी, रखरखाव में लापरवाही या सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुई।

हादसे के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश भी देखने को मिला। क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव प्लांट के बाहर धरने पर बैठ गए और प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण मजदूरों की जान गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। इस घटना पर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हादसे की गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ श्रम कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट लेकर स्थिति की समीक्षा करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस हादसे को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि हाल के महीनों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में लगातार हादसे सामने आए हैं, जिससे औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन, नियमित निरीक्षण और समय पर मेंटेनेंस ही ऐसे हादसों को रोकने का एकमात्र उपाय है।

# खरमास समाप्त, अब शुरू होंगे शादी-विवाह, जुलाई तक कई शुभ मुहूर्त

**निज संवाददाता | पटना**

खरमास समाप्त हो गया है, जिसके साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगी रोक भी हट गई है। वैशाख कृष्ण द्वादशी के दिन दोपहर 11:25 बजे सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास का समापन हो गया। इसके साथ ही अब शादी-विवाह समेत सभी शुभ कार्यों की शुरुआत हो गई है और आने वाले दिनों में विवाह समारोहों की रौनक बढ़ने वाली है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार खरमास के दौरान विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं, लेकिन इसके समाप्त होते ही अब अप्रैल से जुलाई तक शादियों का सीजन शुरू हो गया है। इस अवधि में विभिन्न पंचांगों के अनुसार पर्याप्त संख्या में शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को विवाह आयोजन में सुविधा मिलेगी। हालांकि इस बीच 17 मई से 15 जून तक मलमास लगने के कारण लगभग एक महीने तक शादी-विवाह पर विराम रहेगा।

इसके बाद पुनः शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। पंचांग गणना के अनुसार मिथिला पंचांग में चातुर्मास तक कुल 21 लग्न मुहूर्त बताए गए हैं, जबकि बनारसी पंचांग में यह संख्या 38 है, जिससे विवाह के लिए कई विकल्प उपलब्ध होंगे। ज्योतिषाचार्य राकेश झा के अनुसार विवाह जैसे पवित्र बंधन के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है।

# लोकसभा सीटें बढ़ाने की तैयारी, केंद्र सरकार लाएगी संविधान संशोधन विधेयक

- 543 से बढ़कर 850 तक हो सकती हैं सीटें, महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़ा प्रस्ताव

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। इसके तहत संविधान में संशोधन का प्रस्ताव लाया जा रहा है, जिसमें वर्तमान 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने की योजना है। इसके लिए सरकार संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 संसद के आगामी विशेष सत्र में पेश करेगी, जो 16 अप्रैल से शुरू होने वाला है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन कर लोकसभा में राज्यों से प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने जाने वाले सदस्यों की अधिकतम संख्या 815 और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सदस्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इसके अलावा अनुच्छेद 82 में भी बदलाव का प्रस्ताव है, जिसके तहत परिसीमन की प्रक्रिया को नई जनगणना के आधार पर और अधिक स्पष्ट व व्यवस्थित किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह संशोधन महिला आरक्षण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से भी जुड़ा हुआ है। महिला आरक्षण अधिनियम 2023 के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की जानी हैं, जिसे लागू करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया आवश्यक मानी जा रही है। हालांकि इस प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस ने संसद का विशेष सत्र बुलाने और इस विधेयक को लाने के समय पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह मुद्दा केवल महिला आरक्षण से नहीं, बल्कि परिसीमन से जुड़ा है, जिसका राजनीतिक प्रभाव पड़ सकता है।

# सीएम के करीबी अधिकारी दिल्ली रवाना, मिली अहम जिम्मेदारियां

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है। इनमें मुख्यमंत्री के बेहद करीबी माने जाने वाले अधिकारी भी शामिल हैं, जिससे इस बदलाव को राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने वालों में मुख्यमंत्री के पूर्व सचिव अनुपम कुमार प्रमुख हैं, जिन्हें केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में ज्वाइंट सेक्रेटरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं तेज-तर्रार आईएएस अधिकारी वंदना प्रेयसी, जो बिहार सरकार के कल्याण विभाग में सचिव पद पर थीं, अब केंद्र के उर्वरक (फर्टिलाइजर) मंत्रालय में ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में कार्य करेंगी।

# बिहार में बढ़ेगी गर्मी, 18 अप्रैल के बाद 40 डिग्री पार होने के आसार

- दक्षिण-मध्य बिहार में हीट वेव जैसे हालात, सीमित इलाकों में हल्की बारिश की संभावना

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में मौसम तेजी से करवट ले रहा है और आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 18 अप्रैल के बाद दक्षिण और मध्य बिहार के कई जिलों में तापमान में करीब 4 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। राजधानी पटना समेत अधिकांश जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर साफ तौर पर देखा जा रहा है। विशेष रूप से गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, नवादा और बक्सर जैसे जिलों में हीट वेव जैसे हालात बनने की आशंका जताई गई है। अगले सात दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है, जिससे गर्मी और अधिक तीव्र हो सकती है। हालांकि उत्तर-पूर्व बिहार के अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, तापमान में बढ़ोतरी के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। राज्य के ऊपर पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण दिशा में ट्रफ लाइनें सक्रिय हैं, वहीं पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है, जिससे ठंडी हवाओं का प्रभाव नहीं मिल पा रहा है। ऊपरी स्तर पर तेज जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं, लेकिन सतह पर गर्म हवाओं का दबाव बना हुआ है। इन परिस्थितियों के कारण वातावरण में नमी की कमी हो गई है और मौसम शुष्क बना हुआ है, जिससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

कई स्थानों पर हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच रही है, जिससे लू जैसे हालात बन रहे हैं। इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी, थकान और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका अधिक असर पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री से 39.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान सासाराम के डेहरी में 39.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जहां सुबह से ही तेज धूप का असर देखने को मिला।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

फ्री यूनिट के साथ अब सोलर योजना पर जोर

# सोलर पैनल पर सब्सिडी व लोन सुविधा

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार सरकार बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। एक ओर जहां घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी जा रही है, वहीं अब कुटीर योजना के तहत लोगों को मुफ्त सोलर पैनल उपलब्ध कराने की तैयारी भी तेज कर दी गई है। इसके अलावा अन्य घरेलू उपभोक्ताओं को अनुदानित दर पर बैंक लोन उपलब्ध कराकर सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी बीच बिजली के नए टैरिफ को लेकर फैल रही अफवाहों पर पूर्णिया विद्युत विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। कार्यपालक अभियंता बलबीर सिंह बागेश ने कहा कि यह धारणा पूरी तरह गलत है कि कम खपत के बावजूद ज्यादा बिल आएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए टैरिफ उपभोक्ताओं के हित में बनाए गए हैं और इसका उद्देश्य लोगों को राहत देना है, न कि आर्थिक बोझ बढ़ाना।

सरकार की इस पहल को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए आज पूर्णिया में एक बड़े सोलर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में बिजली विभाग के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और सोलर एनर्जी से जुड़ी अधिकृत एजेंसियां एक ही मंच पर मौजूद रहेंगी। उपभोक्ता यहां सीधे आवेदन कर सकेंगे और अपनी सुविधा के अनुसार एजेंसी का चयन भी कर पाएंगे, जिससे सोलर सिस्टम लगाने की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी।

# बिहार में हड़ताल पर गए 41 अंचल अधिकारी निलंबित

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने हड़ताल पर गए अंचल अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 41 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर की गई है, जिसमें अधिकारियों पर सरकारी आदेशों की अवहेलना और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकार की ओर से कहा गया है कि निलंबित अधिकारियों ने न केवल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी की, बल्कि कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों और बैठकों का भी बहिष्कार किया। इससे प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई और आम जनता से जुड़े कार्य प्रभावित हुए। यह भी आरोप है कि कई अधिकारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से नहीं किया, जो सेवा नियमों का उल्लंघन है।

अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई क्षेत्रों में राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। कई स्थानों पर लक्ष्य के मुकाबले काफी कम वसूली दर्ज की गई, जिससे राज्य के वित्तीय प्रबंधन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी सुस्ती बरती गई, जिसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना के रूप में देखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, भीम आर्मी ने परिजनों को दी सांत्वना

**नरहट।** थाना क्षेत्र के बदलपुर गांव निवासी श्री जालो राजवंशी के 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार की दिल्ली में सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही धर्मेन्द्र कुमार (भीम आर्मी) अपने साथियों के साथ शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने इस घटना को बेहद दुखद और हृदय विदारक बताया। परिवार और गांव के लोगों ने प्रशासन से उचित सहायता और सहयोग की मांग की है।

### नरहट में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती



कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्र छात्राएं

**नरहट (नवादा)।** नरहट स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान कंपटीशन कोचिंग सेंटर में मंगलवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान परिसर में विद्यार्थियों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के तहत एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने बाबा साहब के जीवन, उनके विचारों तथा समाज में उनके अमूल्य योगदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को जाना और समझा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान संस्थान के निर्देशक राकेश सर, राजेश सर, प्रभात सर, रौशन सर एवं मुकेश संगम सर सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही सैकड़ों विद्यार्थियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। हसनपुरा में बने बाबा साहब की प्रतिमा पर गण्यमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

### बाबासाहेब के रास्ते पर चलकर ही बनेगा समरस समाज-तारिक अनवर

**कटिहार।** संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कटिहार में श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर कटिहार के सांसद तारीक अनवर ने कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद सांसद ने अंबेडकर चौक पर लगाए गए सेवा शिविर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की।

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद तारीक अनवर ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने कहा कि समाज में समानता, न्याय और भाईचारा कायम रखने के लिए हमें उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि "बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाकर ही एक मजबूत और समरस समाज का निर्माण संभव है। सांसद ने यह भी कहा कि आज के समय में संविधान की मूल भावना को समझना और उसे जीवन में उतारना बेहद जरूरी है, तभी समाज में सभी वर्गों के बीच संतुलन और सम्मान बना रह सकता है। वहीं कटिहार कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को विशेष रूप से उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अगर बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलेगी, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आएगा। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। नेताओं ने एक स्वर में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, सिकंदर मंडल,बीके ठाकुर, कटिहार कांग्रेस के शहरी क्षेत्र के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, शाहनवाज खान, अंजुमन कौशर उर्फ आम्रपाली यादव,कुमार गौरव,पंकज तंबाकूवाला,राजेश रंजन मिश्रा, आनंद सिंह,मो० हसन अधिवक्ता सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकोरना पुरब में छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें किया वितरण

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकोरना पुरब में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरण किया गया।इस समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने किया। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय नियम का पालन करते हुए स-समय आते हैं।विद्यालय के समय सारणी के अनुसार शिक्षक- शिक्षिकाएं वर्ग में निष्ठा पूर्वक पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं। विद्यालय में अनुशासित रहकर पठन-पाठन करते हैं। अविभावक का भी सहयोग मिलता है। जिस कारण से विद्यालय का संचालन बहुत अच्छा से चल रहा है। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि जब से हमने विद्यालय योगदान किया है, तब से विद्यालय की दशा एवं दिशा बदलने में लगे हुए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल एवं विद्यालय में स्वच्छता बरकरार रखने,नियमित रूप से पठन-पाठन करने, शत प्रतिशत छात्र छात्राओं स्कूल पोशाक में आने,प्रधानमंत्री पोषण योजना गुणवत्तापूर्ण संचालित करने आदि जैसे कार्य को अमली जामा पहनाने में लगे हुये हैं। विद्यालय के रखरखाव एवं सुव्यवस्थित करने के दिशा में प्रयत्नशील हैं और आगे भी प्रयत्नशील रहेंगे।

प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजने को कहा।बच्चें जब विद्यालय से घर जाएं तो घर पर भी अभिभावक अपने देखरेख एवं संरक्षण में पठन-पाठन अवश्य करायेंगे। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले वर्ग 1 से 8 तक के लगभग 524 छात्र- छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकें वितरण किया गया। जिसमें वर्ग एक में 64, वर्ग दो में 89, वर्ग 3 में 77, वर्ग 4 में 72, वर्ग 5 में 73, वर्ग 6 में 74, वर्ग 7 में 63, वर्ग 8 में 62 छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका मनवारा खातून,अंजुम आरा खातून, शिक्षक मोहम्मद गुलाम यासीन,मोहम्मद शरीफ आलम, शिक्षिका प्रियंका पांडे, शिक्षक मोहम्मद आफताब आलम,मोहम्मद नियाज आलम, अब्दुल खालिक, अब्दुल मुस्लिम ने अहम भूमिका निभाया। सभी शिक्षकों ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है। प्रधानाध्यापक मो.यासीन ने कहा कि नये सत्र में नामांकन जारी है। आज तक वर्ग एक में 27 छात्र छात्राओं का नामांकन हो चुका है और नामांकन जारी है। सीडब्लूसी के निःवर्तमान सदस्य,शिक्षा प्रेमी,विधिक सलाहकार,सीनियर अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दिया है।

# रजौली में धूमधाम से मनाया गया बाबा साहेब का जन्मदिन

♦ **शिक्षण संस्थानों समेत डाक बंगला चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन, डीजे के धुन पर थिरके लोग**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। डाक बंगला चौराहा स्थित बाबा साहेब के मूर्ति के समीप संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा,सम्मान और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार के अलावे नगर पंचायत की मुख्य पार्षद मानती देवी व उपमुख्य पार्षद फिरोजा खातून की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीम राव अंबेडकर नागरिक मंच रजौली द्वारा किया गया,जिसमें आयोजक दीपक कुमार रजक,अध्यक्ष अनिल रजक एवं सचिव रविंदर कुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत रजौली नगर पंचायत स्थित अंबेडकर चौक सह अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ,जिसमें बाबा साहब के विचारों एवं उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया। मंच संचालन पवन कुमार पांडे द्वारा किया गया।

सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक समरसता एवं समानता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने एवं बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक



जुलूस के दौरान ग्रामीण

बालकृष्ण प्रसाद यादव, संदीप कुमार, गौतम कुमार, अखिलेश कुमार, नवशीश कुमार, गुड्डू राय, सफीर उद्दीन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर साऊथ सिटी इन्टरनेशनल स्कूल के सभागार में डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रविन्द्र कुमार के द्वारा बाबा साहेब के चित्रपट्ट पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचांप पवन कुमार विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह व पिंटू पाण्डेय, अभिषेक कुमार, संतोष कुमार, अंकित कुमार ,मधु मैडम , सिंधु मैडम, साईस्ता प्रवीन , सगुप्ता नाज , मालती मैडम व अन्य उपस्थित लोगों के अतिरिक्त विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा भी पुष्पार्पित किया गया। बाबा साहेब की जीवनी व उनकी कृति की कथा के बारे में विद्यालय के निर्देशक के द्वारा बच्चों व शिक्षकों के बीच प्रस्तुत किया गया।

वहीं नगर पंचायत में विभिन्न गांवों से आए लगभग 9 डीजे वाहनों के साथ सैकड़ों लोग बाबा साहेब अमर रहे एवं समर्पित गानों की धुन पर थिरकते नजर आए।इस दौरान नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 के पार्षद विजय कुमार,मो. साकिब समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर डीएम ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समाहरणालय, नवादा के समीप अवस्थित अंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पण के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा अंबेडकर पार्क परिसर में पौधारोपण किया गया।इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा अंबेडकर पार्क में उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, भूमि सुधार उपसमहर्त्ता श्री गौरव शंकर, स्थापना प्रभारी डॉ. राज कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन याद किए गए 66 शहीद योद्धा, विधायक ने हरी झंडी दिखा कार्यक्रम की शुरुआत की

### अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया गया जागरूकता अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन मंगलवार से शुरू हुआ। सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन मंडलवार की सुबह अग्निशमन कार्यालय में विधायक विमल राजवंशी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान फायर ऑफिसर रविंद्र राम, सब फायर ऑफिसर मधुरेंद्र कुमार एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी भी मौजूद रहे। फायर ऑफिसर ने बताया कि बीते वर्ष 1944 को विदेश से रुई व विस्फोटक सामग्री लदे पानी वाला जहाज जब मुंबई बंदरगाह पर पहुंचा तो जहाज में आग लग गई। इस आग पर काबू पाने में जुटे 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए। उन्हीं



अग्निशमन कर्मियों को हरी झंडी दिखाते विधायक

शहीदों के सम्मान में तबसे प्रत्येक वर्ष पूरे देश में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है एवं क्षेत्र में आगजनी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। फायर ऑफिसर ने बताया कि सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन अनुमंडलीय अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन व एसडीपीओ गुलशन कुमार के अलावे गणमान्य लोगों को पिन फ्लैग भी लगाया गया। फायर ऑफिसर ने बताया कि आनेवाले दिनों में शहर से लेकर गांव तक आगजनी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर पंपलेट का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा व मनीष कुमार के अलावे अग्नि चालक मंटू कुमार सिंह के साथ अग्निक राकेश कुमार,बिरंजा कुमारी,सुधांशु कुमार एवं आनंद कुमार दुबे समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा

♦ भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को नवादा शहर पूरी तरह नीले रंग में रंगा नजर आया। जय भीम के नारों और गाजे-बाजे के साथ अंबेडकर छात्रावास से जिले में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया।

शहर के विभिन्न मुहल्ले दलित बस्तियों और छात्रावास से शुरू हुई यह शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी। बाबा साहेब की प्रतिमा को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। युवाओं की टोली हाथों में नीला झंडा लिए "बाबा साहेब अमर रहें" और "जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा" जैसे गगनभेदी नारे लगा रही थी।

शोभायात्रा में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और भारतीय संविधान के महत्व को दर्शाती आकर्षक झांकियां शामिल थीं। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और डीजे की धुन पर युवा थिरकते नजर आए। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस यात्रा में शामिल होकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

**प्रशासन की चुस्त व्यवस्था:** भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे प्रजातंत्र चौक, पुरानी कचहरी और सद्भावना चौक पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो और शांति बनी रहे।

शोभायात्रा के समापन पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने हमें शिक्षित बनने, संगठित रहने और संघर्ष करने का जो मंत्र दिया है, वही हमारे समाज के उत्थान का एकमात्र मार्ग है। इस मौके पर अंबेडकर छात्रावास के छात्रनायक चंदन कुमार ,रौशन कुमार ,राजा भैया ,पिंटू पासवान ,रितिक राज ,धर्मेंद्र पासवान ,राजेश्वर चौधरी ,धर्मेंद्र चौधरी ,कमलेश पासवान ,कौशल चौधरी ,शेरू चौधरी ,बिल्लू चौधरी ,विजय चौधरी ,भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ,साहिल कुमार ,अजय पासवान ,दिनेश पासवान ,चंदन चौधरी ,आजाद पासवान ,अखिलेश कुमार पासवान ,वरुण कुमार ,रंजीत कुमार बीपीआरो ,सुबोध कुमार ,अमर कुमार मांझी ,नूतन चौधरी ,विश्वजीत चौधरी ,कुणाल गजराज आदि हजारों लोग अपने विचार देकर शोभायात्रा में साथ थे।

## जयंती पर श्रद्धा पुर्वक याद किये गए बाबा साहब अम्बेडकर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में मंगलवार को श्रद्धा पूर्वक डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई । अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रभारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब गरीबों, शोषितों, वंचितों के मसीहा थे। वे राजनीति के पुरोधा एवं संविधान के निर्माता थे। मौके पर उपस्थित बलिराम सिंह, कामता प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, कैलाश प्रसाद यादव, सियाशरण दास, अलखदेव पासवान, यमुना सिंह समेत अन्य रहे। वहीं नारदीगंज बाजार के अनुसूचित टोला में आंबेडकर स्थान में मंगलवार को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई । अध्यक्षता नारदीगंज पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया । मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुदामा सिंह उर्फ मनोज सिंह,पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार, पूर्व सरपंच डा. किशोरी शर्मा, राकेश पासवान,हीरा रविदास, मिथिलेश कुमार सुमन, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### रजौली में एक बार फिर हाथियों के झुंड का आतंक जारी

# सरकारी स्कूल का गेट व खिड़की तोड़ा,ग्रामीणों को भी नुकसान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली वन क्षेत्र के चितरकोली एवं धमनी पंचायत के विभिन्न गांवों में हाथियों के झुंड का आतंक जारी है। बीते सोमवार की रात्रि चितरकोली पंचायत के गढ़ दिबौर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हाथियों ने जमकर तांडव मचाया है। विद्यालय के गेट एवं खिड़की को तोड़ दिया है। वहीं आसपास के दर्जनों किसानों के खेतों में लगे फसलों को नष्ट कर दिया है। कुछ किसानों के जानवरों को भी कुचल देने की बात कही जा रही है,हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं हाथियों के झुंड फिर से रजौली क्षेत्र में देखे जाने से चितरकोली एवं धमनी पंचायत के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बीते तीन सप्ताह पूर्व एक हाथी ने क्षेत्र में जमकर आतंक मचाया था एवं सुअरलेटी के एक व्यक्ति को कुचलकर मार भी दिया था।

इस भय से लोगों के रातों की नींद उड़ी हुई है। इस संबंध में रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि बीते सोमवार की रात्रि को हाथियों का झुंड गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के ककोलत जल प्रपात से महावर पहाड़ होते हुए रजौली क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद वनकर्मी लगातार हाथियों के झुंड को ट्रैक कर रजौली वन क्षेत्र से झारखंड के जंगली क्षेत्र में भेजने को प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय के गेट और खिड़की को तोड़ दिया गया है। साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द ही हाथियों के झुंड को रजौली वन क्षेत्र से दूर कर दिया जाएगा।



विद्यालय में टूटा गेट व खिड़की के साथ शिक्षकगण

## बिहार लोक सेवा आयोग की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में कन्या इंटर विद्यालय, नवादा, गांधी इंटर स्कूल, नवादा एवं राजकीय मध्य विद्यालय, नवादा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया।जिलाधिकारी द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से किया जाए तथा किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



♦ **निरीक्षण के क्रम में कन्या इंटर विद्यालय, नवादा, गांधी इंटर स्कूल, नवादा एवं राजकीय मध्य विद्यालय, नवादा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया**

♦ **परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया**

जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करें।।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में संदिग्ध हालत में प्राइवेट गार्ड की मौत



**नालन्दा।** नालंदा में प्राइवेट गार्ड की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शरीर पर चोट के निशान है। परिजनों ने हत्या की आंशका जताई है। जबकि पुलिस इसे बीमारी से मौत का मामला मान रही है। मृतक की पहचान हरसैनी निवासी अमरेंद्र कुमार(56) के तौर पर हुई है। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के केवई गांव के पास की है। मृतक के बड़े भाई वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि अमरेंद्र पिछले एक साल से पटना के एक गर्ल्स हॉस्टल में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। सोमवार की रात अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पुलिस से सूचना मिली कि गंभीर हालत में सड़क किनारे मिले हैं। डायल-112 की टीम ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिर और पैर में गहरे जख्म के निशान मिले हैं। किसी ने साजिश के तहत उनकी हत्या की है। अमरेंद्र कुमार की असमय मौत ने उनके परिवार को झकझोर कर रख दिया है। वह अपने पीछे एक 19 वर्षीय बेटी छोड़ गए हैं, जिसके भविष्य और शादी को लेकर परिजन चिंता में हैं। घर की माली हालत पहले से ही खराब है। परिवार के सामने जीवन-यापन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं, इस संबंध में इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि अधेड़ को अचेत अवस्था में सड़क किनारे से बरामद कर डायल 112 की टीम ने अस्पताल पहुंचाया था। डॉक्टरों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि वह चमकी (मिर्गी) जैसी बीमारी की चपेट में आ गए थे, जिसके कारण उनकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत से मिले दो जिंदा सुतली बम, बम स्क्वॉड ने नाकाम की साजिश, प्लास्टिक के डिब्बे में छिपाकर रखा था



**नालन्दा।** नालंदा के हरनौत प्रखंड के चेरो ओपी क्षेत्र अंतर्गत डिहरी पंचायत के मुशहरी गांव के खंधे (खेत) में सोमवार शाम एक लावारिस प्लास्टिक के डिब्बे में रखे दो जिंदा सुतली बम मिले। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया। मंगलवार को पटना से आए बम निरोधक दस्ते ने दोनों बमों को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। सोमवार शाम करीब 4 बजे कुछ ग्रामीण जब खेतों की ओर गए, तो उनकी नजर एक खुले प्लास्टिक के डिब्बे पर पड़ी। डिब्बे के भीतर सुतली से लिपटे हुए संदिग्ध गोला मिला। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत इसकी सूचना चेरो ओपी को दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चेरो ओपी प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरे इलाके को सील कर दिया और ग्रामीणों को वहां से हटा दिया। बम के फटने की आशंका को देखते हुए रातभर पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और घटनास्थल की सुरक्षा की गई। मंगलवार को सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पटना से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया था। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर डिब्बे की जांच की और दोनों बमों को डिटेक्ट करने के बाद सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर दिया। प्रथम दृष्टया के जांच में पाया गया है कि ये बम पटाखों के ऊपर सुतली लपेटकर तैयार किए गए थे। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बम के अवशेषों को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) भेजा जा रहा है ताकि इनकी क्षमता और बनाने के तरीके का सटीक पता चल सके। खेत में बम मिलने के पीछे की मंशा क्या थी, इसे लेकर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। क्या यह किसी बड़ी घटना की साजिश थी या दहशत फैलाने की कोशिश थी। इसकी गुत्थी सुलझाने के लिए स्थानीय स्तर पर भी पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह लावारिस डिब्बा वहां कब और किसकी ओर से रखा गया था।

### मगध विश्वविद्यालय में पीएचडी एडमिशन टेस्ट, 25 अप्रैल तक स्टूडेंट्स कर सकते हैं आवेदन

**गयाजी।** बोधगया मगध विश्वविद्यालय ने Ph.D. Admission Test(PAT) को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक परीक्षा का आयोजन जून 2026 तक संभावित है। ऐसे में योग्य अभ्यर्थियों को अब आवेदन की तैयारी तेज करनी होगी। परीक्षा विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू होगी। अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। फीस को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1500 रुपए परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग (BC-I) के उम्मीदवारों को 1000 रुपए शुल्क देना होगा। फीस भी ऑनलाइन ही जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के अंदर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। अंतिम समय में सर्वर की समस्या या अन्य तकनीकी कारणों से परेशानी हो सकती है। इसलिए समय रहते फॉर्म भरना ही बेहतर होगा। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा तिथि और एडमिट कार्ड को लेकर अलग से सूचना जारी की जाएगी। इस बार बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। लंबे समय से PAT का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए यह अहम मौका माना जा रहा है। कुलपति के आदेश पर परीक्षा नियंत्रक ने अधिसूचना जारी की है और संबंधित पदाधिकारियों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

# भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

◆ **मूर्ति पर चढ़ाई माला, डीएम बोले- बाबा साहेब ने सभी नागरिक को मौलिक अधिकार दिया**





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और अलग-अलग संस्थाओं ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मगध क्षेत्र की आयुक्त डॉ. ए. सफीना ए.एन., जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा साहेब को नमन किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके महान विचारों, भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान और समाज के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा प्रदान कर रहे हैं।

**डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने की अपील:** अधिकारियों ने सभी नागरिकों से डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। इसी क्रम में, अंबेडकर पार्क में जिला अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के देखरेख में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुक्त डॉ. ए. सफीना ए.एन. ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने आज के समय में उनके विचारों को अपनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मजबूत किया। उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर को आज पूरे विश्व में याद किया जा रहा है। उनके विचारों को अपनाकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा दी और लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार दास, एडीएम परितोष कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रविंद्र राम, मगध परिवहन सचिव जनार्दन अग्रवाल, एडीएम सफीक अहमद, एडीएम पंकज कुमार सिंह, सिविल सर्जन राजाराम प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन सहित कई अधिकारियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से भी बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर "बाबा साहेब अमर रहें" के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने ज्ञान, संघर्ष और दूरदर्शिता से देश को नई दिशा दी और समाज के वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

**महान समाज सुधारक, चिंतक और राष्ट्रनिर्माता भी थे:** वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक, चिंतक और राष्ट्रनिर्माता भी थे। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बाबा साहेब से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को "पंच तीर्थ" के रूप में विकसित किया गया है, जिससे देशवासी उनके जीवन और संघर्षों से प्रेरणा हासिल कर सकें। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूर्व डिप्टी मेयर व पार्षद ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**संविधान निर्माता बाबा साहेब का काम कभी भुलाया नहीं जा सकता:** शहर के वार्ड संख्या- 4 के क्रॉटन मिल स्थित अम्बेडकर नगर महादलित टोला में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव व पार्षद अनुपमा देवी व स्थानीय नागरिकों के संयुक्त देखरेख में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब का योगदान लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर अम्बेडकर नगर महादलित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

बाबा साहब ने संविधान लिखने का कार्य किया था, निश्चित रूप से उनके इस काम को भुलाया नहीं जा सकता। यह समय होता है, जब ऐसे महापुरुषों को हमलोग याद करते हैं और आने वाली पीढियां को उनके बारे में बताते हैं। स्थानीय मोहल्ला के लोगों ने कुछ समस्याओं के बारे में हमें अवगत कराया है, हमारा प्रयास होगा कि उनकी समस्याओं का अविलंब निपटारा किया जाए. मौके पर कृष्णा दास, जय बाबू, सुरेश पासवान, मिथलेश पासवान, राजीव कुमार, मुन्ना चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गयाजी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ **जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि, बोले- आज हर नागरिक को समान अधिकार मिला है**

**गया।** गयाजी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद कैंपस में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और बाबा साहेब के विचारों को याद किया। कार्यक्रम में जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी, उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव समेत कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही वंचित और शोषित वर्ग के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

**हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय मिला:** नैना कुमारी ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान के रूप में मजबूत आधार दिया। इसी की बदौलत हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय मिला है। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। वहीं, उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उनके रास्ते पर चलकर ही समाज में समानता और विकास संभव है। पूरे जिले में उनकी जयंती उत्साह के साथ मनाई जा रही है।

## बाराचट्टी में 3 तस्कर अरेस्ट, 46 किलो अवैध मादक पदार्थ जब्त, जंगल से 255 किलो डोडा फल बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**गया।** गयाजी के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की है। दो अलग-अलग जगहों पर हुई कार्रवाई में भारी मात्रा में डोडा चूर्ण और डोडा फल बरामद किया गया। पहली कार्रवाई में पुलिस ने 46 किलो डोडा चूर्ण के साथ तीन तस्करों को दबोचा है। जबकि दूसरी कार्रवाई में एसएसबी के साथ संयुक्त ऑपरेशन में 255 किलो डोडा फल जब्त किया गया। पहली कार्रवाई बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जायगीर मोड़ के पास हुई। होशियारपुर पंजाब होटल के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। मौके से 46 किलो डोडा चूर्ण बरामद हुआ। साथ ही में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इनमें नवाब खान और असलम मोहम्मद, दोनों पंजाब खुर्द के रहने वाले हैं। तीसरा आरोपी लालदेव यादव, बाराचट्टी के सोनिया गांव का रहने वाला है।

**धंधे से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी पुलिस:** थानाध्यक्ष अमरेंद्र किशोर ने बताया कि सूचना काफी पुख्ता थी। इसी आधार पर टीम ने तेजी से कार्रवाई की। तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। शुरुआती जांच में बड़े नेटवर्क की आशंका सामने आई है। पुलिस अब इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपियों को जल्द जेल भेजा जाएगा।

दूसरी कार्रवाई नकटैया जंगल में हुई। यहां बाराचट्टी पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जंगल में छिपाकर रखे गए 19 बोरे बरामद किए गए। इन बोरों में कुल 255 किलो डोडा फल रखा हुआ था। हालांकि इस दौरान कोई तस्कर हाथ नहीं लगा। माना जा रहा है कि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर जंगल से फरार हो गए। एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाई से इलाके में हड़कंप है। पुलिस इसे बड़ी कामयाबी मान रही है। बता दें कि बाराचट्टी व आसपास के इलाकों में मादक पदार्थों का नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि, लोकल पुलिस तस्करों के खिलाफ बड़ी छोटी कार्रवाई करती रही है। फिर भी इस धंधे का क्रेज बना हुआ है और तार भी दूसरे राज्यों से जुड़ा है। यह पहला मामला नहीं है जिसमे दूसरे राज्य के तस्कर पकड़े गए हैं। पहले भी दूसरे राज्य के तस्कर पकड़े जाते रहे हैं। पुलिस अब इस पूरे सिंडिकेट की जड़ तक पहुंचने की कोशिश में है। आने वाले दिनों में और खुलासे संभव है।

## डंपर ने बाइक सवार को कुचला, बेटी की शादी का कार्ड देने रिश्तेदार के घर गए थे, भतीजे की हालत गंभीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नालंदा।** नालंदा में सालेपुर-राजगीर निर्माणाधीन टूरिस्ट वे पर भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान वेना थाना क्षेत्र के बनवारीपुर मोरा निवासी राजनंदन पासवान(50) के तौर पर हुई है।

मृतक की बहन मृदुला देवी ने बताया कि भाई की बड़ी बेटी की शादी 29 अप्रैल को होने वाली है। घर में उत्सव का माहौल था। भतीजे कौशल कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारों को निमंत्रण देने निकले थे। गबसपुर गांव से कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। रास्ते में अनियंत्रित डंपर ने कुचल दिया। हादसे में भाई की मौत हो गई। भतीजा कौशल जीवन और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम:** हादसे के बाद ड्राइवर डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर लकड़ी रखकर सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी दोषी की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। सड़क जाम होने के कारण काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।

**आरोपी की तलाश की जा रही है:** जाम की सूचना मिलते ही नूरसराय पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डंपर को जब्त कर लिया गया है। वाहन नंबर के आधार पर मालिक और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गयाजी में 13 लोगों को मिला खाया हुआ मोबाइल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी के मुफस्सिल थाना पुलिस ने मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों के प्रति भरोसे की मिसाल पेश की है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंपा गया। आज थाना परिसर में हुए एक सादे कार्यक्रम में 13 लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस लौटाया गया। मोबाइल हाथ में आते ही लोगों के चेहरे खिल उठे।

**मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए:** बताया गया कि पूरे अभियान की कमान मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह ट्रेनी आईपीएस दीप्ति मोनाली ने संभाली। ट्रेनी आईपीएस की टीम ने तकनीक और लगातार फॉलोअप के जरिए अलग-अलग जगहों से मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए। इसके बाद सभी मोबाइल का सत्यापन कर संबंधित लोगों को बुलाया गया और उन्हें विधिवत हैंडओवर किया गया। मोबाइल मिलने के बाद कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन वापस मिल पाएगा। किसी का महीनों पहले फोन खो गया था, तो किसी का हाल ही खोया था। इससे सभी परेशान थे। पुलिस की इस पहल ने उनकी उम्मीद फिर से जगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस टीम का आभार जताया। साथ अब उनलोगों के बीच भी उम्मीद जगी है जिनका खोया हुआ मोबाइल अब तक नहीं मिल सका है।

**आम लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत करना मकसद:** दीप्ति मोनाली ने कहा कि "ऑपरेशन मुस्कान" का मकसद सिर्फ मोबाइल लौटाना नहीं, बल्कि आम लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत करना है। उन्होंने साफ कहा कि तकनीक का सही इस्तेमाल और टीमवर्क से ऐसे मामलों में सफलता मिल रही है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर मोबाइल खो जाने पर लोग थाने जाने से भी कतराते हैं। लेकिन इस तरह की कार्रवाई से भरोसा बढ़ा है। पुलिस अब सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की परेशानी भी सुलझा रही है।

## धनेश्वर घाट हनुमान मंदिर में बदली सुरक्षा व्यवस्था, मघड़ा हादसे से लिया सबक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा जिले के मघड़ा मंदिर में हुई दुखद घटना के बाद जिला प्रशासन और प्रबंधन समितियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना या भगदड़ की स्थिति को रोकने के लिए प्रसिद्ध धनेश्वर घाट हनुमान मंदिर में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन कराना और मंदिर परिसर में उमड़ने वाली भारी भीड़ को सुव्यवस्थित करना है। मंदिर प्रबंधन के सक्रिय सदस्य सोमेंद्र पांडे ने नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि अब श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है। पूर्व में दर्शनार्थियों की कतारें मुख्य सड़क तक लग जाती थी, जिससे न केवल यातायात बाधित होता था बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी।

इसे देखते हुए अब पंक्तियों की व्यवस्था पूरी तरह मंदिर के प्रांगण के अंदर ही कर दी गई है। परिसर के अंदर लोहे की मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। इससे भीड़ के एक जगह जमा होने या दबाव बढ़ने की स्थिति खत्म हो गई है। श्रद्धालु बिना किसी अवरोध के कतारबद्ध होकर भगवान के दर्शन कर पा रहे हैं।

**मंदिर के पीछे की गई व्यवस्था:** व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ के स्थान को भी स्थानांतरित किया गया है।



पहले श्रद्धालु मुख्य रास्ते में ही बैठकर पाठ करने लगते थे, जिससे आवाजाही में काफी असुविधा होती थी। अब पाठ करने के लिए मंदिर के पीछे एक अलग गलियारे में स्थाई व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त,

◆ **भीड़ बढ़ने पर नहीं होगा सड़क जाम, श्रद्धालु आराम से कर सकेंगे दर्शन**

मंदिर परिसर के अंदर जो स्थान पहले बेहद संकुचित या 'कंजस्टेड' महसूस होते थे, उन्हें खुला किया गया है। यहां तक कि तुलसी जी के पिंडे और अन्य सामानों को भी अधिक स्थान बनाने के उद्देश्य से उचित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है।

**धक्का-मुक्की की स्थिति नहीं:** श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन और प्रबंधन के इन फैसलों का स्वागत किया है। दर्शन करने आए दीपक कुमार और अन्य भक्तों का कहना है कि नए बदलावों के बाद मंदिर परिसर में अब काफी खालीपन और शांति महसूस हो रही है। बैरिकेडिंग होने से अब धक्का-मुक्की की स्थिति नहीं बनती है। लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस तरह के प्रबंधन से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि भक्तिमय वातावरण भी और बेहतर हुआ है। जिला प्रशासन की इस सक्रियता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जन सुरक्षा के साथ अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्रों में मंगलवार को सतुआन पर्व आस्था,परंपरा और लोकसंस्कृति के अनोखे संगम के रूप में पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया

**बिक्रमगंज / रोहतासः** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को सतुआन पर्व आस्था,परंपरा और लोकसंस्कृति के अनोखे संगम के रूप में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह से ही घरों में पारंपरिक उत्सव का माहौल रहा और हर ओर लोकजीवन की सादगी के साथ सांस्कृतिक रौनक देखने को मिली ।पर्व की शुरुआत परंपरा के अनुसार सतुआ (भुने चने का आटा) के सेवन से हुई,जिसे गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है । लोगों ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि,अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की । घरों में पारंपरिक विधि-विधान और आस्था का सुंदर दृश्य देखने को मिला । ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहानों और चौपालों पर पर्व की विशेष छटा दिखाई दी,जहां लोगों ने मिलकर एक-दूसरे को सतुआ खिलाकर शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया । महिलाओं ने पारंपरिक गीतों और रीति-रिवाजों के माध्यम से पर्व को जीवंत बना दिया,जबकि बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया । शहरी क्षेत्रों में भी सतुआन पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया । व्यस्त जीवनशैली के बावजूद लोगों ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ते हुए इस लोकपर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया । बाजारों में भी हल्की चहल-पहल रही और पर्व से जुड़ी सामग्री की खरीदारी हुई । पूरे अनुमंडल में यह पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । सतुआन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि बदलते समय में भी लोकपरंपराएं समाज को जोड़ने और संस्कृति को जीवित रखने का कार्य करती हैं ।

### सेवानिवृत्त बीडीओ कन्हैया सिंह के निधन से शोक की लहर,प्रशासनिक सेवा के एक युग का हुआ अंत

**बिक्रमगंज /रोहतासः** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोन्ही निवासी सेवानिवृत्त बीडीओ 90 वर्षीय कन्हैया सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है । उनके निधन की सूचना मिलते ही सभी लोगों की आंखें नम हो गई । एक सरल,अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में स्वर्गीय सिंह की पहचान पूरे क्षेत्र में सम्मान के साथ की जाती थी । कन्हैया सिंह के निधन पर शिक्षण संस्थानों,सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है । जिसमें कुल्हड़िया कॉलेज के सचिव श्रीनाथ सिंह,विशाल सिंह, बीएड कॉलेज परसथुआ के सचिव उमाशंकर द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं । परिवार की ओर से स्वर्गीय कन्हैया सिंह के छोटे भाई सह कुल्हड़िया कॉलेज के प्रबंधक लालाबाबू सिंह,ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र बहादुर सिंह,छोटे पुत्र सह जिला जज (फैमिली कोर्ट) गोपालगंज धीरेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें समाज के लिए आदर्श बताया । स्वर्गीय सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी और सेवा भावना का प्रतीक था । उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यकाल में जिस निष्ठा और पारदर्शिता का परिचय दिया,वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा । उनके निधन को क्षेत्र ने एक युग का अंत बताया है । वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है ।

### हर सोमवार व शुक्रवार को लगेगा बिजली विभाग का विशेष कैंप, 72 घंटे में होगा समाधान

**बिक्रमगंज/रोहतास।** बिजली उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की परेशानियों को तेजी से दूर करने के लिए ऊर्जा विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। अब विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के सभी अवर प्रमंडल व प्रशाखा कार्यालयों में विशेष शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान 72 घंटे के भीतर करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि तय दिन और समय पर ही समस्याओं का निपटारा हो सकेगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की विशेष शिविरों में बिजली बिल से जुड़ी गड़बड़ियों को तुरंत ठीक किया जाएगा। इसके साथ ही झुके हुए पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज या खराब ट्रांसफार्मर जैसी समस्याओं पर भी मौके पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि नए कनेक्शन, नाम परिवर्तन और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों का भी यहीं समाधान किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अलग-अलग प्रक्रिया में न उलझना पड़े। कृषि कनेक्शन लेने वाले किसानों के लिए भी यह शिविर काफी उपयोगी साबित होगा। यहां आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और अन्य औपचारिकताओं की पूरी जानकारी दी जाएगी। वहीं, पीएम सूर्यघर योजना के तहत आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को भी मौके पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे सोलर कनेक्शन लेने की प्रक्रिया आसान हो सके। शिविर में उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान भी आसानी से कर सकेंगे, जिससे लंबित बिलों के निपटारे में तेजी आएगी। विभाग का मानना है कि एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध होने से उपभोक्ताओं का समय बचेगा और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। यह विशेष शिविर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी विद्युत अभियंता कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी समस्या से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि मौके पर ही उनका समाधान किया जा सके।

### पछुआ हवा बनी कहर, पहाड़ी गांव में 70 बीघे गेहूं की फसल खाक

**करगहर (रोहतास)।** पहाड़ी गांव में सोमवार को लगी भीषण आग ने किसानों के लिए बड़ी तबाही मचा दी। सुबह करीब 10 बजे बधार में अचानक आग भड़क उठी और तेज पछुआ हवा ने इसे कुछ ही देर में विकराल बना दिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते जलने लगी। किसान जब तक कुछ समझ पाते और आग बुझाने के लिए जुटते, तब तक आग सैकड़ों मीटर तक फैल चुकी थी। भय और अफरा-तफरी के बीच किसान अपनी फसल बचाने की कोशिश करते रहे, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस हादसे में धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, रमेश सिंह, केदार सिंह, वीरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, गड्डू सिंह, पिंटू सिंह, भोला चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मदन चौधरी और कलामुद्दीन अंसारी सहित कई किसानों की करीब 70 बीघे जमीन पर लगी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, आग की शुरुआत धरहरा गांव के खेतों से हुई, जहां हार्वेस्टिंग के बाद बचे गेहूं के डंठलों में आग लगा दी गई थी। तेज हवा के कारण आग फैलती हुई पहाड़ी गांव तक पहुंच गई और रास्ते में भूसा व फूस को भी जलाती चली गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस घटना के बाद पीड़ित किसान गहरे सदमे में हैं और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू, 17 मई को एंट्रेंस टेस्ट

**नालंदा।** बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 17 मई को किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी अनुप कुमार ने बताया कि इस प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन आगामी 1 मई तक जमा कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित डेट में परीक्षा आयोजित होगी और 28 मई को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परिणाम आने के बाद मेधा सूची के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी होगी। 8 जून से नए सत्र की विधिवत पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। इस विद्यालय की सबसे खास बात यहां मिलने वाली विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। जहां चयनित छात्रों को रहने के लिए छात्रावास, भोजन, वस्त्र, दवाइयां और पाठ्य पुस्तकें पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए आधुनिक लैब और अन्य शैक्षणिक संसाधन भी मुहैया कराए जाते हैं। इस योजना का लाभ बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय जिसमें मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी शामिल हैं। नामांकन के लिए पात्रता की शर्तें भी निर्धारित की गई हैं, जिसके अनुसार कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए छात्र की अधिकतम आयु 16 वर्ष और कक्षा 11 के लिए 18 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही आवेदक के परिवार की सालाना आय छह लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास :** अग्निशामालय परिसर बिक्रमगंज में मंगलवार का दिन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा,बल्कि यह वीरता, त्याग और जिम्मेदारी के जीवंत संकल्प का साक्षी बना । 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ अनुमंडलीय अग्निशमन अधिकारी अवध कुमार दास के नेतृत्व में हुआ ।

कार्यक्रम की सबसे भावुक घड़ी तब आई,जब 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर लगी भयावह आग में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को याद किया गया । सन्नाटे में डूबे परिसर में दो मिनट का मौन रखकर उन वीरों को नमन किया गया, जिनकी बहादुरी आज भी हर अग्निशामक के हौसले को मजबूत करती है । अनुमंडलीय अग्निशमन अधिकारी अवध कुमार दास ने जवानों के जज्बे को सराहा और इसे सेवा,साहस और समर्पण का प्रतीक बताया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मी केवल आग बुझाने का कार्य नहीं करते, बल्कि हर संकट की घड़ी में लोगों की उम्मीद बनकर सामने आते हैं । उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा के नियमों को अपनाएं और सतर्क रहकर दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें । यह आयोजन केवल एक शुरुआत नहीं,बल्कि एक संदेश था,सुरक्षा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है । अंत में सभी अधिकारियों और कर्मियों ने मिलकर समाज को सुरक्षित बनाने और अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया ।

## भारतीय ब्राह्मण महासभा की टीम दिवंगत सतानंद तिवारी के शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें हर सम्भव मदद करने का दिया स्वशासन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की टीम महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी के नेतृत्व में चेनारी थाना के डेहरिया पंचायत के खैरा वेद गांव में पहुंचकर दिवंगत सतानंद तिवारी के शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें धैर्य प्रदान किया तथा ब्राह्मण महासभा की तरफ से आश्रितों को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी ने पीड़ित परिवार के छोटे बच्चे को, जिसकी आंख की समस्या है कहा की आपकी आंख के इलाज की सारी जिम्मेवारी अब मेरी हुई। महासभा के संगठन मंत्री बुटश तिवारी ने दिवंगत सतानंद तिवारी के बड़े बेटे को कहा कि आगे की पढ़ाई करने के लिए अब आपको सासाराम में किराए के मकान में नहीं रहना पड़ेगा। आप मेरे मकान में निशुल्क जब तक पढ़ाई करना चाहे, रह सकते हैं। इसके अतिरिक्त महासभा के महासचिव संतोष मिश्रा द्वारा परिवार को भरोसा दिया गया की आगे आपको हर तरह की सहायता और सुविधा संगठन के माध्यम से देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा । परिवार के दुख में सहभागी बनने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष डॉ उमाकांत चतुर्वेदी, पारसनाथ तिवारी ,पी पी मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील तिवारी ,संयुक्त सचिव शशिकांत चौबे, सदस्यता अभियान के अध्यक्ष राजेश तिवारी ,परशुराम तिवारी एवं बृजकिशोर तिवारी के साथ वार्तावह की टीम भी पहुंची।

# वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में डॉ.अंबेडकर की धूमधाम से मनी जयंती

## भारत के संविधान जनक व महान समाज सुधारक थें बाबा साहेब : डॉ. मनीष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास :** मंगलवार को स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया । जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । साथ ही दो मिनट का मौन रख उन्हें याद किया । अवसर पर डॉ. मनीष ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक और महान समाज सुधारक महान पुरुष थे । उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद के खात्मे और दलितों,पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया । बाबा साहेब ने भारत के संविधान का निर्माण 29 अगस्त 1947 से 26 नवंबर 1949 के बीच किया था । जिसके बाद उन्हें संविधान सभा की 'प्रारूप समिति' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसकी मुख्य जिम्मेदारी संविधान का लिखित मसौदा तैयार करना था । जो भारतीय संविधान को तैयार करने में कुल 2 साल,11 महीने और 18 दिन का समय उन्हें लगा था । इसके प्रारूप समिति गठन के आलोक डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में इस समिति की स्थापना भारत में 29 अगस्त 1947 को हुई थी । वह एक प्रखर अर्थशास्त्री,राजनीतिज्ञ और समाजशास्त्री के रूप में बाबा साहेब ने समाज के वंचित वर्गों को 'शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो' का प्रभावशाली नारों के साथ अथक प्रयासों से भारतीय संविधान में समानता और न्याय का अलख जगाया । जो आज आधुनिक भारत के निर्माण में एक मार्गदर्शक स्तंभ के रूप में जयंती के दिन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए समतामूलक समाज के मार्ग पर चलने का संकल्पित अवसर माना जाता है । मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह,प्रो.संगीता कुमारी,प्रीतम कुमार,शशि कुमार,चंदेश्वर पांडेय, अनिल कुमार,अरुण कुमार,गोलू कुमार,दिलीप कुमार,सतीश कुमार, पवन कुमार,विश्वजीत कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थें ।

## गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भारतीय संविधान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आर.पी. सिंह एवं प्राचार्य कुमार सविनय के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया गया।

इस अवसर को और अधिक सार्थक बनाने के लिए "भारतीय संविधान" विषय पर एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें कक्षा 10 के सनी कुमार, कक्षा 9 की श्रेया स्वीटी, कक्षा 10 की सृष्टि कुमारी, कक्षा 10 के रितेश कुमार एवं कक्षा 9 की दीपांजली कुमारी शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को "भारतीय संविधान" की पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

निदेशक आर.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं अनुशासन का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी को अपनाने की प्रेरणा दी तथा जीवन में लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। प्राचार्य कुमार सविनय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान में लिखी बातों का गहन अध्ययन कर यह समझना चाहिए कि हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है। साथ ही उन्होंने एक शिक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने आगे नागरिक शिष्टाचार पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना, नियमों का पालन करना और समाज के प्रति जिम्मेदार व्यवहार करना ही एक आदर्श नागरिक की पहचान है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं जागरूकता बढ़ाने वाला साबित हुआ।कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पल का साक्षी बना

♦ **जब भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा स्थापना के साथ भव्य समारोह किया गया आयोजित**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास :** काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी का प्रांगण मंगलवार को एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पल का साक्षी बना,जब भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा स्थापना के साथ भव्य समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख बैजंती देवी ने किया,जहां श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला ।इस गरिमामय अवसर पर काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष राधिका कुमारी, बीपीआरओ रेणुका कुमारी,पीओ गजेंद्र कुमार,काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह,जयश्री मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।समारोह के दौरान सभी वक्ताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को सिर्फ इतिहास नहीं,बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा बताया । उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष,समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जो आज भी समाज को एक नई राह दिखाता है । कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक स्वर में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और यह संदेश दिया कि असली श्रद्धांजलि तभी होगी,जब समाज में भेदभाव खत्म कर समानता और भाईचारे को मजबूत किया जाए । पूरे आयोजन ने गोड़ारी को एक नई ऊर्जा,नई सोच और सामाजिक बदलाव के संकल्प से भर दिया जहां सिर्फ जयंती नहीं मनी,बल्कि एक विचार को फिर से जीवंत किया गया ।

## रेलवे अस्पताल परिसर में डॉ. बी.आर.अंबेडकर वाटिका का डीआरएम ने किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलवे अस्पताल परिसर में समानता, स्वाभिमान एवं न्याय के प्रतीक, भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को डॉ. बी.आर.अंबेडकर वाटिका का भव्य उद्घाटन डीआरएम किरेंद्र नरह द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन, कटिहार डिवीजन,एन.एफ. रेलवे द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डीआरएम किरेंद्र नरह सहित अन्य अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय—पर प्रकाश डाला तथा उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

इस वाटिका में सैकड़ों वृक्ष लगाए गए जिसके निर्माण से रेलवे परिसर में न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि यह कर्मचारियों एवं आम लोगों को प्रेरणा देने का भी कार्य करेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी दामोदर राज के साथ बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बाबासाहेब की जयंतीः सेवा का संगम कटिहार में सेवा शिविर लगाकर हजारों लोगों को कराया गया जलपान




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। शहर के अंबेडकर चौक पर महाराणा प्रताप सेवा परिषद की ओर से भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही।

इस सेवा शिविर में वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद एवं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।शोभायात्रा के दौरान सेवा शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों के लिए खीर,मिठाई,शुद्ध पेयजल और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।

महाराणा प्रताप सेवा परिषद के संयोजक कुमार गौरव ने बताया कि बाबासाहेब के विचारों से प्रेरित होकर सेवा भाव के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना ही बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद से जुड़े विकास सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और युवाओं को भी सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

इस मौके पर संजय सिंह, पुतुल सिंह, सौरव यादव,भास्कर सिंह, रौनी सिंह,मसूद खान, राजकिशोर सिंह,चंदन सिंह,राममूर्ति सिंह, मोहित सिंह सहित कई गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# डी.एस.कॉलेज में छठें सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## विश्वविद्यालय की अनुबंधित कंपनियों ने दी प्रस्तुति





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** पूर्णिया विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशानुसार, दर्शन साह कॉलेज, कटिहार में सोमवार को छठे सेमेस्टर के CBCS कोर्स के छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दो प्रमुख कंपनियों जिज्ञासा समाज कल्याण केंद्र और ऑप्टिमार्क वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप की बारीकियों, उपलब्ध विषयों और करियर में इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

महाविद्यालय ने स्पष्ट किया कि इंटर्नशिप के दौरान छात्रों की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद छात्रों को एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करनी होगी।जिसके बाद उनकी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इन सभी मानदंडों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्रों को ही इंटर्नशिप का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार इंटर्नशिप चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। वे न केवल कंपनियों के साथ बल्कि अपने विभागीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में भी इंटर्नशिप कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत उन्हें एक लघु रिसर्च रिपोर्ट तैयार करनी होगी। इसके अतिरिक्त,महाविद्यालय अन्य कॉलेजों के साथ एम ओ यू को साइन की प्रक्रिया में है, ताकि छात्र एक-दूसरे के संस्थानों के संसाधनों और शिक्षकों का लाभ उठा सकें। इंटर्नशिप प्रक्रिया की सुचारू निगरानी के लिए प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में एक इंटर्नशिप समिति का गठन किया गया है। जिसका समन्वयक डॉ. अजीत आनंद को बनाया गया है।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं और समस्याओं पर सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों और शिक्षकों द्वारा समाधान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चेकिंग में 3.3 लाख का जुर्माना वसूला

**बेगूसराय**| ट्रैफिक पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों से कुल 3.3 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होती रहेगी।

### अक्षय तृतीया से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन, बाल विवाह रोकने को होगी सख्त निगरानी

**बेगूसराय**। अक्षय तृतीया के मौके पर संभावित बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पूरे जिले में विशेष निगरानी व्यवस्था लागू कर दी है। डीएम के निर्देश पर सोमवार को डीडीसी की अध्यक्षता में जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रोकथाम के लिए रणनीति तय की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग देना या बढ़ावा देना दंडनीय अपराध है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के के विवाह के मामलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर पैनी नजर रखने को कहा गया है, ताकि किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रश्मि कुमारी ने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत महादलित बस्तियों, आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके जरिए लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत 181, 1098 या 112 हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी दें। साथ ही संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### मारपीट और फायरिंग का मामला, केस दर्ज

**बेगूसराय**| मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सादपुर में मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित संजय कुमार झा ने बताया कि खेत में गेहूं काटने के दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने पिस्तौल से फायरिंग भी की। हंगामा होते देख आरोपी एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हथियार जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जनता दरबार में सुनी गई 20 फरियादें

**बेगूसराय**| पुलिस कार्यालय में सोमवार को एसपी द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें करीब 20 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। एसपी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान जमीन विवाद, मारपीट और अन्य मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों को समय पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।

### रचियाही विद्यालय में जालियांवाला बाग पर नाटक का मंचन, भावुक हुए दर्शक

**बेगूसराय**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रचियाही में सोमवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड की स्मृति में एक भावुक एवं प्रेरणादायक नाट्य मंचन किया गया। 13 अप्रैल 1919 की इस ऐतिहासिक घटना को छात्र-छात्राओं ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया कि उपस्थित दर्शक भावुक हो उठे। नाट्य प्रस्तुति के दौरान बच्चों ने उस दौर के दर्द, भय और बलिदान को बेहद मार्मिक ढंग से जीवंत किया। उनकी अभिव्यक्ति और संवाद अदायगी ने दर्शकों को उस समय की परिस्थितियों से जोड़ दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम राय, पूजा कुमारी, अनामिका कुमारी, नीतू कुमारी, अर्चना कुमारी तथा शिक्षक संतोष कुमार, कृष्ण कन्हैया कुमार और अर्जुन कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अवधेश कुमार और प्रधानाध्यापक संजय कुमार पोद्दार ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों को देश के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं की जानकारी मिलती है और उनमें देशभक्ति की भावना का विकास होता है।

### जिले में एक हफ्ते में दूसरी बार 1.10 करोड़ की शराब मिली, वाट्सएप पर पूरा नेटवर्क

**बेगूसराय**। बिहार में शराबबंदी के बीच बेगूसराय में पकड़ी गई विदेशी शराब की दो बड़ी खेप ने अंतरराज्यीय तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का खुलासा कर दिया है। महज एक सप्ताह के भीतर दो ट्रकों से कुल 2.85 करोड़ रुपये मूल्य की शराब बरामद हुई है, जिससे यह साफ हो गया है कि तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर कानून को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामले में लाखो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-31 स्थित बहदरपुर ढाला के पास एक संदिग्ध ट्रक को पकड़ा। ट्रक की तलाशी में 11,200.96 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक शाहरूख और उप चालक गोरखराम को गिरफ्तार किया है, जो राजस्थान के बाड़मेर जिले के सेड़वा थाना क्षेत्र के रामनगर सिंघानिया के निवासी हैं। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि राजस्थान नंबर की ट्रक से शराब की खेप जिले में पहुंचने वाली है। इसके बाद पुलिस ने गोविंद पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रक को रोका। पूछताछ की तो चालक ने पुलिस को गुमराह करते हुए ट्रक में चावल होने की बात कही। पुलिस को बताया गया कि यूपी के कुशीनगर ट्रक लेकर जा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर जब ट्रक पर से तिरपाल हटाने के कहा तो चालक व उपचालक बहाने बनाने लगा। पुलिस ने कड़ाई की तो ट्रक के अंदर शराब का कार्टन रखा मिला। तस्करों की नई चालः फटे बैच नंबर और 'सेल इन पंजाब' का खेल पुलिस ने ट्रक से 1177 कार्टन शराब बरामद किए, जिसमें 270 कार्टन बीयर शामिल है।

# फैशन डिजाइनर के घर से 25 लाख की चोरी, सोता रहा परिवार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय के तेयाय ओपी क्षेत्र में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। फैशन डिजाइनर के घर से 25 लाख के गहने और और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार अपनी बेटी की शादी करने के सपने संजो रहा था, लेकिन चोरों ने एक ही रात में उनकी मेहनत की कमाई पर पानी फेर दिया। एक अन्य घर में ग्रामीणों की सजगता से चोरी की कोशिश नाकाम रही। सबसे पहले रघुनंदनपुर में नवीन साह के घर को निशाना बनाया गया। चोरों ने बड़ी ही चालाकी और इत्मीनान से इस वारदात को अंजाम दिया। घर के पीछे वाले रास्ते से अंदर दाखिल हुए। जिस कमरे में कीमती सामान रखा था, सबसे पहले उसका ताला तोड़ा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिस वक्त चोर अलमारी और बक्से खंगाल रहे थे, उस वक्त नवीन साह, उनकी पत्नी शीला देवी और बेटी कंचन गुप्ता दूसरे कमरे में गहरी नींद में सोए हुए थे।

**मेन गेट को बाहर से बंद कर दिया थाः** चोरों ने पकड़े जाने के डर से परिवार के कमरे और घर के मुख्य गेट को बाहर से कुंडी लगाकर



बंद कर दिया था। जिससे आहट होने पर भी कोई बाहर न निकल सके। सुबह जब परिवार की नींद खुली और उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की, तो दरवाजा बंद पाकर उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पड़ोसी जुटे और गेट खोलकर निकाला। बाहर निकलने पर पता चला कि घर के दूसरे कमरे का नजारा पूरी तरह बदला हुआ था। चोरों ने करीब 150 ग्राम स्वर्ण आभूषण, करीब 750 ग्राम चांदी का आभूषण और 50 हजार रुपए कैश के साथ कीमती बर्तन, नए कपड़े सहित अन्य सामान भी गायब किया है।

**समझ में नहीं आ रहा है, बेटी की शादी कैसे करेंगेः** पीड़िता शीला देवी ने बताया कि मेरा बेटा प्रियांशु साह फैशन डिजाइनर है। अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहता है, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। मैंने पाई-पाई जोड़कर अपनी बेटी की शादी के लिए गहने बनवाए थे। चोरों ने हमारे अरमानों पर पानी फेर दिया। अब हम बेटी की शादी कैसे करेंगे। पुलिस इलाके के सभी बदमाशों को पकड़े।

**अपराधियों का मनोबल बढ़ गया हैः** चोरों ने रघुनंदनपुर में ही पूर्व पंचायत समिति सदस्य भालसरी साह के घर को निशाना बनाने का प्रयास किया। चोर जब घर का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी लोहे से टकराने की आवाज सुनकर घर के सदस्य जाग गए। शोर मचते अंधेरे का फायदा उठाकर सभी मौके से फरार हो गए। जिससे यहां एक बड़ी चोरी होने से बच गई। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से इलाके के लोगों में भारी दहशत और पुलिस के खिलाफ आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त केवल कागजों तक सीमित है, जिसके कारण अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## कुम्हरार विधायक की कार दुर्घटनाग्रस्त



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक संजय गुप्ता भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। यह दुर्घटना बेगूसराय के जीरोमाइल के पास उस समय हुई, जब विधायक अपने परिवार के साथ पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार से वापस लौट रहे थे। गनीमत रही कि इस हादसे के शिकार विधायक, उनकी पत्नी, बेटी और अंगरक्षकों की जान सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार हादसा मंगलवार सुबह करीब 3:00 बजे की है। सड़क पर किसी अज्ञात ट्रक की स्टेपनी (अतिरिक्त टायर) पहले से गिरी हुई थी। अंधेरा होने के कारण ड्राइवर को टायर दिखाई नहीं दिया। तेज रफ्तार कार उससे टकराकर अनियंत्रित हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद विधायक संजय गुप्ता ने स्थानीय भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार अमर को फोन पर सूचना दी।

**प्राथमिक उपचार के बाद पटना रफ्तारः** अमरेंद्र कुमार अमर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद तुरंत अपने ड्राइवर के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। स्थिति काफी गंभीर थी, गाड़ी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। संजय गुप्ता भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल होने जा रहे थे। मौके पर भाजपा नेता सुनील सिंह (बीहट) भी सूचना मिलते ही पहुंच गए और राहत कार्यों में हाथ बंटाया। विधायक, उनकी पत्नी, बेटी और तीन सुरक्षा गार्डों को बेगूसराय के ग्लोकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## सम्राट बने बिहार के नए सीएम शिवराज सिंह ने इसकी घोषणा की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी होंगे। शिवराज सिंह चौहान ने इसकी घोषणा कर दी है। NDA की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा हुई है। करीब दो दशक तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद यह बड़ा राजनीतिक बदलाव सामने आया है। अब सभी की नजर 15 अप्रैल पर है, जब पटना के लोकभवन में सम्राट चौधरी शपथ लेंगे। इस समारोह में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और बड़ी संख्या में समर्थकों के शामिल होने की संभावना है।

**मुंगेर में जश्न का माहौलः** सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खबर मिलते ही उनके गृह जिले मुंगेर और तारापुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। हर तरफ जिंदाबाद के नारे लगने शुरू हो गई। पूरे गांव में जश्न का माहौल है। गांव-गांव में लोग मिठाई बांट रहे हैं। लखनपुर गांव में खास उत्साह देखा जा रहा है, जहां लोगों ने इसे ऐतिहासिक पल बताया है।

**कुशवाहा समाज से आने वाले बड़े चेहरेः** सम्राट चौधरी कुशवाहा समाज से आते हैं। लंबे समय से बिहार की राजनीति में सक्रिय हैं। उनके मुख्यमंत्री बनने को सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। डिप्टी सीएम से मुख्यमंत्री तक का सफर सम्राट चौधरी के लिए एक बड़ा राजनीतिक पड़ाव है। पार्टी संगठन और सरकार दोनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है, जिसका परिणाम अब उन्हें राज्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी के रूप में मिला है।

**भतीजी बोली- खुशी में बांट रहे मिठाईः** गांव में जब भास्कर संवाददाता ने सम्राट चौधरी की भतीजी पंचम कुमारी से बात की, तो उनकी भावनाएं साफ झलक रही थीं। उन्होंने कहा, पूरे परिवार और गांव में हमलोग घोषणा का सिर्फ इंतजार कर रहे थे। हम लोग मिठाई और गुलाल की तैयारी करके बैठे थे। घोषणा होते ही हमने खुशी में मिठाई बांटी है। इस दौरान वो बात करते-करते भावुक भी हो गईं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि परिवार और गांव के लिए गर्व का पल होगा।



**गांव में सन्नाटा, लेकिन पटना में डटे समर्थकः** लखनपुर गांव में फिलहाल भीड़ नहीं दिख रही है। इसकी वजह यह है कि बड़ी संख्या में लोग पहले ही पटना के लिए निकल चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 1500 से 2000 वाहन मंगलवार शाम ही पटना रवाना हो चुकी है। बुधवार को भी लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। समर्थक पटना के होटलों में रूककर मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा का इंतजार कर रहे थे। घोषणा होते ही लोगों में खुशी है।

**बचपन के साथी बोले- क्रिकेट खेलने के शौकीन, मिलनसार स्वभावः** सम्राट चौधरी के चचेरे भाई सुमन कुमार चौधरी ने बताया, बचपन से ही उनका स्वभाव काफी मिलनसार था। वो हम सबको गाड़ी में बैठाकर क्रिकेट खेलने ले जाते थे। धूप हो या बारिश, अगर मन कर गया तो खेल जरूर होता था। सबके साथ उनका व्यवहार बहुत अच्छा था। ग्रामीणों के मुताबिक, राजनीति में उनकी रुचि भी शुरू से ही थी। यह विरासत उन्हें अपने पिता शकुनी चौधरी से मिली।

**फोन आते ही पहुंच जाते हैंः** गांव के निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि सम्राट चौधरी आज भी आम लोगों से जुड़े हुए नेता हैं। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति फोन करता है, तो वह समय नहीं देखते दिन हो या रात, तुरंत पहुंच जाते हैं। किसी के साथ भेदभाव नहीं करते और सबकी बात सुनते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यही वजह है कि उनके प्रति लोगों का भरोसा मजबूत है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया। लोगों का कहना है कि सड़कों का निर्माण और बुनियादी सुविधाओं में सुधार उनके प्रयासों का नतीजा है। एक ग्रामीण ने कहा, पहले यहां सड़कें नहीं थीं, लेकिन अब अच्छी सड़कें बन गई हैं, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है।

# अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ ने समारोहपूर्वक मनाई अंबेडकर जयंती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। अररिया में अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार को समारोहपूर्वक मनाई गई,जिसमें डीएम विनोद दूहन,एसपी जितेन्द्र कुमार के साथ अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। सबसे पहले शिवपुरी स्थित अंबेडकर सेवा सदन से बस स्टैंड,एडीबी चौक से होते हुए निकली अंबेडकर सेवा यात्रा आश्रम चौक पर जाकर समाप्त हुई।अधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने आंबेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक समरसता वाले सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। द्वितीय सत्र में कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष उपायुक्त लेखा सह वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय



कुमार रजक ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत अपने संबोधन से किया।पटना से विशिष्ट अतिथि के रूप में आए महाबोधि भंते दिनेश बौध ने पाली भाषा में बुद्ध वंदना एवं यूपी गाजीपुर से आई सुप्रसिद्ध गायिका सुमन बौद्ध ने भीम वंदना किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीएम विनोद दूहन ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और संविधान निर्माण के साथ ही समाजिक एकरूपता को लेकर किए गए प्रयास को आमलोगों से आत्मसात करने की वकालत की।एसपी जितेन्द्र कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए समाज में एकरूपता लाने के लिए आरक्षण समेत अन्य प्रयासों के बारे में विस्तारपूर्वक संबोधित किया।अधिकारियों ने अंबेडकर जयंती पर सबों को बधाई दी। इससे पूर्व अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ,अररिया के अध्यक्ष विजय कुमार रजक ने सभी आगंतुक अतिथियों का बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना सं0
एस0जी0-डी0एस0ई0-ओ0टी0-09-26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थानः** सेग्रीगेशन ऑफ एलवी बॉक्स फॉर रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट आफ एमएसडीएसी फॉर 06 स्टेशन्स ईन डीडीयू डीविजन **(2) कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹5,69,23,888.11/- (पाँच करोड़ उन्हत्तर लाख तेईस हजार आठ सौ अट्ठासी रूपये एवं ग्यारह पैसे मात्र) **(3) धरोहर राशिः** ₹11,38,500/- (ग्यारह लाख अड़तीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र) **(4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 05/05/2026 को 12.30 तक **(5) बेव साईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in**

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०
पीआर/0065/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26-27/24

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

गर्मी में पशुओं के लिए
बेहतर रख-रखाव का प्रबंधन

- पशुओं को छायादार जगह में रखें।
- संतुलित और पौष्टिक आहार जरूर दें।
- गौशाला की रोजाना सफाई करें।
- गौशाला की छत पर पानी छिड़कें, ताकि ठंडक बनी रहे।
- दिन में 3-4 बार ठंडे पानी का छिड़काव करें।
- गौशाला में पंखा या कूलर लगाएं।
- समय-समय पर पशु चिकित्सक से सलाह लें।
- अगर कोई असामान्य लक्षण दिखे, तो तुरंत ध्यान दें।

PR No.- 000929 (Animal)D. 2026-27



विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें

### जनगणना के लिए घर-घर दस्तक की तैयारी तेज

**बेगूसराय**। जनगणना 2027 को सफल, सटीक और त्रुटिरहित बनाने के लिए बेगूसराय जिला प्रशासन ने जमीनी स्तर पर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। डीएम श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर सोमवार से जिले में प्रथम चरण के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण अभियान एक साथ कई स्थानों पर प्रारंभ कर दिया गया। वरीय उप समाहर्ता पूजा कुमारी ने बताया कि जिले के कुल 24 चार्ज (प्रखंडों एवं नगर निकायों) में से 11 चार्ज में प्रशिक्षण का पहला चरण शुरू हो चुका है।

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट/ ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health(SR)/2026/02 दिनांक- 14.04.2026

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली-2008 संशोधित नियमावली 2013 एवं संशोधन नियमावली, 2026 के अंतर्गत पैनल निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है। Online आवेदन भरने की प्रक्रिया, पदों की संख्या, आवेदन शुल्क, शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, आरक्षण इत्यादि हेतु विवरण पुस्तिका / सूचना विज्ञापन संख्या BCECEB/Health(SR)/2026/01 दिनांक- 14.04.2026 के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति - 2026 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-

(i) Online Registration Starting Date : 15.04.2026
(ii) Online Registration Closing Date : 30.04.2026 (10.00 P.M.)
(iii) Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : 30.04.2026 (11.59 P.M.)
(iv) Online Editing of Application : 01.05.2026 (11.59 P.M.)
(v) Date of Publishing of Document Verification programme : To be notified later on.

नोडल पदाधिकारी

# पूर्व मुखिया के पुत्र रितेश के हत्याकांड में दो नामजद गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में पूर्व मुखिया प्रेमा देवी के दिव्यांग पुत्र रितेश सिंह उर्फ भुअर सिंह की हत्या मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मकरध्वज यादव उर्फ रणवीर यादव और मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव के रहने वाले है। मुख्य आरोपी मकरध्वज यादव को झारखंड के सरायकेला से दबोचा गया, जबकि दूसरे आरोपी को स्थानीय स्तर पर गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं, जिससे मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जांच के यह भी सामने आया है कि मकरध्वज यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। करीब तीन साल पहले मृतक के बड़े भाई बबलू सिंह को गोली मारने की घटना में भी शामिल था। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।



**पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका:** प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि वारदात को बाइक सवार तीन शूटरों ने अंजाम दिया था। इस हत्याकांड की कड़ियां पुराने विवाद से भी जुड़ती नजर आ रही हैं। करीब तीन साल पहले मृतक के बड़े भाई बबलू सिंह को भी आरा में गोली मारी गई थी। उस मामले में चार आरोपी जेल भेजे गए थे, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य फिलहाल बाहर हैं। पुलिस की जांच की दिशा भी पुराने विवाद और आपसी रंजिश की ओर इशारा कर रही है।

♦ भोजपुर में पुरानी अदावत में मारी गई थी गोली, पुलिस ने मुख्य आरोपी को झारखंड से दबोचा

**पत्नी के आवेदन पर केस दर्ज:** मृतक की पत्नी श्वेता सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कुल 11 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें से दो पर साजिश रचने और नौ पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, लहरपा गांव निवासी जितेंद्र यादव, मकरध्वज उर्फ रणवीर यादव, अंकित यादव, अमन महतो, नागेंद्र उर्फ छोटू यादव, संजय यादव, अजय यादव और मुखिया पुत्र आनंद राज समेत अन्य पर हत्या का आरोप है। हीरा लाल यादव और सुरेन्द्र राय पर साजिश रचने की बात कही गई है।

# बारात से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब युवक अपने भाई की बारात से लौट रहा था। मंगलवार को ही उसकी बहन की बारात आने वाली थी, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक की पहचान सिमरी निवासी अली हुसैन के रूप में हुई है। वह अपने भाई इम्तियाज की बारात में शामिल होने के लिए भोजपुर जिले के गजराजगंज गए थे। मंगलवार को बारात वापसी के दौरान अली हुसैन अपने मामा के साथ बाइक से घर लौट रहे थे।

**ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी:** मझवारी मोड़ के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अली हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने अली हुसैन को तत्काल बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक को गंभीर चोटें आई थीं।

**शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया:** हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना और भी दुखद है क्योंकि मंगलवार को ही मृतक की बहन की बारात आने वाली थी।

# डिवाइडर से टकराई कार, महिला की मौत



♦ पति और बेटा घायल, गाजीपुर से पटना लौटने के दौरान हादसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर-आरा फोरलेन पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनके पति और 10 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रामगढ़ के समीप हुआ। मृतका की पहचान नीतू कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने पति विनीत कुमार और बेटे के साथ गाजीपुर से पटना लौट रही थीं। विनीत कुमार गाजीपुर में एक बैंक में कार्यरत हैं और आंबेडकर जयंती की छुट्टी पर परिवार के साथ घर जा रहे थे।

**अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार:** बताया गया कि विनीत कुमार गाड़ी चला रहे थे। रामगढ़ के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। नीतू कुमारी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके पति और पुत्र घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। दोनों घायलों का इलाज जारी है, और उनकी स्थिति पर डॉक्टरों की नजर बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया।

**लोगों से सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने की अपील:** पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार तेज रफ्तार या वाहन पर नियंत्रण खोने की वजह से यह दुर्घटना हुई हो सकती है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें,ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# चौसा पशु मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के प्रसिद्ध चौसा पशु मेले में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशु व्यापारियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मेला मालिकों और व्यापारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों तथा गणमान्य लोगों को फूल-माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण बिरहा गायन रहा। मशहूर बिरहा गायिका रजनीगंधा और गायक अखिलेश यादव ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनके गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में मोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह, ब्रजेश चौबे, सुनील यादव और विवेक चौबे की अहम भूमिका रही। मेला मालिकों के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।



**पशु मेला को बताया सामाजिक-सांस्कृतिक मेलजोल का मंच:** इस अवसर पर मेला मालिक उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि चौसा का पशु मेला केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल का भी मंच है। मेला मालिक कामेश्वर चौबे ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। चौसा का यह पशु मेला विशेष रूप से दुधारू गायों की खरीद-बिक्री के लिए जाना जाता है। यहां दूर-दूर से पशु व्यापारी आते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मेला क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हजारों युवाओं को रोजगार प्रदान कर पलायन रोकने में सहायक है। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. मनोज यादव, विनोद यादव, सुनील सिंह, राकेश चौबे, भुनेश्वर चौबे, कासेश्वर चौबे, गोलू चौबे सहित कई मेला मालिक और पशु व्यापारी उपस्थित थे।

# क्लास बनी प्रश्नपत्र का स्ट्रांग रूम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के भले ही दावे कर रहा हो, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में एक क्लास रूम में तीन से पांच कक्षाओं के बच्चे पढ़ाई करने को विवश हैं। शिक्षकों को भी बच्चों को पढ़ाने में काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में बच्चे कैसे पढ़ाई करते होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अब अहम सवाल यह है उनका भविष्य कैसे संवरेगा। खास तो यह है कि बुनियादी विद्यालय के कैंपस में ही जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय भी है। निश्चित रूप से इस विद्यालय की स्थिति चिराग तले अंधेरा की कहावत को चरितार्थ कर रही है।राजकीय बुनियादी विद्यालय की प्रभारी एचएम ज्योत्स्ना कुमारी ने बताया कि कुल नामांकित बच्चों की संख्या 323 है। परिस्थिति वश एक ही क्लास रूम में दो से तीन कक्षाओं की पढ़ाई कराई जा रही है। बच्चों की पढ़ाई को व्यवस्थित करने के लिए दो शिफ्टों कक्षाएं संचालित की जा रही है। पहले शिफ्ट में कक्षा एक से पांच तक और दूसरे शिफ्ट में कक्षा छह से आठ तक की पढ़ाई हो रही है। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की पढ़ाई पहले शिफ्ट में सुबह 6.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरे शिफ्ट में कक्षा छह से आठ की पढ़ाई 12 बजे से संध्या पांच बजे हो रही है। पढ़ाई के नाम पर महज खानापूर्ति पहले शिफ्ट में कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग एक कमरे में एक साथ बैठकर पढ़ाया जा रहा है। सोमवार को पहले शिफ्ट में 70 बच्चे आज थे। ठीक इसी तरह से दूसरे शिफ्ट में कक्षा छह, सात और आठ कक्षा के कुल 83 बच्चे उपस्थित थे। तीन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग एक कमरे में बैठाकर एक साथ पढ़ाया जा रहा है। अब कल्पना करिए कि एक साथ तीन और चार कक्षाओं के बच्चों को एक साथ कैसे शिक्षक पढ़ाते होंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि इन दिनों राजकीय बुनियादी विद्यालय में पढ़ाने के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। कमरे की कमी के कारण एक साथ पढ़ाया जा रहा राजकीय बुनियादी विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्योत्स्ना कुमारी ने कहा कि छह कमरे में प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्न पत्र रखे जाने के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है। कमरे की कमी के कारण कई कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को एक साथ एक कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।



# छात्र की पिटाई, सिर पर ईंट से मारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में केस मैनेज करने के विवाद को लेकर एक छात्र की पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान भलुहीपुर मोहल्ला निवासी किशोर उर्फ वकील यादव के पुत्र दीपक कुमार(16) के तौर पर हुई है। आठवीं क्लास का छात्र है। घटना टाउन थाना क्षेत्र की है। इधर, दीपक कुमार ने बताया कि एक साल पहले मेरे भाई गोलू कुमार की अखाड़े पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पेशे से ऑटो चावक था। अपराधियों ने करीब से छह गोली मारी थी। जिसे लेकर आरोपियों की ओर से पिछले पांच दिनों से केस मैनेज करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था।



**सिर पर ईंट से मारा:** पीड़ित ने आगे बताया कि सोमवार को दूध देकर वापस घर लौट रहा था। तभी मोहल्ले के ही कुछ लोग आए और कहा कि तुम लोग केस मैनेज कर लो। मना करने पर दूसरे व्यक्ति ने छत से उसके सिर पर ईंट मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मोहल्ले के ही पंकज यादव पर कैसे मैनेज करने को लेकर ईट से मारकर कर सिर फोड़ने और एक राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ब्रह्मपुर में बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर के समीप जर्जर सड़क से बढ़ा खतरा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर के बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर के समीप प्रखंड मुख्यालय और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन जानेवाली सड़क में गड्ढों में फंसकर प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है।रविवार की रात्रि एक भूसा से भरा गाड़ी पलट गई गनीमत रहा कि उस समय सड़क खाली थी नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। मंदिर के समीप सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क काफी व्यस्त रहती है और मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम लोगों का भी आवागमन इसी मार्ग से होता है। लेकिन सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से पूरी तरह अवगत होने के बावजूद अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क की मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। मंदिर के समीप के दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



# कन्हैया कुमार ने जीत का जताया भरोसा, बोले-सामाजिक सक्रियता का मिलेगा लाभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर-भोजपुर एमएलसी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में एनडीए प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने अपने पिता पूर्व एमएलसी एवं वर्तमान संदेश विधायक राधा चरण साह के साथ बक्सर में प्रेस वार्ता कर चुनावी रणनीति और अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें उम्मीदवार बनाया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कन्हैया कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान है। उन्होंने बताया कि बक्सर और भोजपुर के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर समर्थन मांगा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मत उनके पक्ष में आएं। उन्होंने भरोसा जताया कि एनडीए के सभी घटक दल एकजुट होकर उनके समर्थन में कार्य कर रहे हैं और इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिलेगा। प्राथमिकता के साथ पूरे करेंगे अधूरे



कार्यः विपक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर दल अपनी रणनीति के तहत चुनाव लड़ता है, लेकिन उनका ध्यान केवल अपने मुद्दों और क्षेत्र के विकास पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें जीत का अवसर मिलता है तो वे अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करेंगे और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएंगे। 10 वर्षों से अधिक समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं कन्हैया उन्होंने बताया कि कन्हैया कुमार पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और लोगों के बीच लगातार जुड़े रहे हैं। ऐसे में उन्हें विश्वास है कि जनता का समर्थन उनके पक्ष में जाएगा और एनडीए के सभी घटक दल मिलकर उन्हें विजयी बनाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, जदयू जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, रालोमो जिलाध्यक्ष विंध्याचल सिंह कुशवाहा, हम जिलाध्यक्ष बलिराम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक को 4 गोली मार सड़क किनारे फेंका

**बक्सर।** नरहीं थाना क्षेत्र के सोहांव गांव के पास गंगा किनारे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 20 वर्षीय युवक आर्यन यादव को उसके ही दोस्तों ने साजिश के तहत चार गोलियां मार दीं और सड़क किनारे मृत समझकर फेंककर फरार हो गए। घटना ने तब और चौंकाया जब सामने आया कि इस वारदात की जड़ में प्रेम प्रसंग और टूटी हुई दोस्ती का जहर छिपा था। आर्यन यादव और उसके हमलावर दोनों ही बक्सर नगर के मित्रलोक कॉलोनी के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी बबलू यादव जिस लड़की से पहले बातचीत करता था, वही अब आर्यन से संपर्क में आ गई थी। यही बात ईर्ष्या और बदले की आग में बदल गई।पुलिस के अनुसार, पूरी साजिश बेहद योजनाबद्ध तरीके से रची गई। बबलू यादव ने भरौली गोलंबर के पास आर्यन को रोका और लिफ्ट देने के बहाने अपने साथ बैठा लिया। रास्ते में बियर खरीदी गई और साथ में पी गई। इसके बाद सभी आरोपी आर्यन को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सोहांव गांव की ओर ले गए। वहां से बक्सर वापस लौटते वक्त जैसे ही मौका मिला, पीछे से उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। चार गोलियां आर्यन के अंडकोष, जांघ, सीने और पीठ में जा धंसी। हमलावर उसे मृत समझकर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।खून से लथपथ हालत में पड़े आर्यन को देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल भिजवाया, जहां से गंभीर हालत में उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। राहत की बात यह है कि डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर चारों गोलियां निकाल दी हैं और फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। आरोपियों की हुई पहचान, जांच में जुटी पुलिस सोमवार शाम नरहीं थानाध्यक्ष ने पुष्टि की कि घायल का इलाज जारी है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान बबलू यादव और बम यादव के रूप में की है और दोनों ही मित्रलोक कॉलोनी, बक्सर के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

### आग से 13 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**बक्सर।** सदर प्रखंड के करहंसी गांव के बाधार में 12 अप्रैल को दोपहर अचानक लगी आग से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते आग की चपेट में आ गई और करीब 12 से 13 बीघा फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस अगलगी की घटना में गांव के किसान सुनील सिंह, हरेंद्र सिंह, सुरेश सिंह और अरुण सिंह की मेहनत पर पानी फिर गया। बताया जाता है कि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि स्थानीय लोग शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना से प्रभावित किसानों में मायूसी का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा मामले की जांच की बात कही जा रही है।

### सुरों की सम्राज्ञी आशा भोसले के निधन से संगीत जगत शोक

**बक्सर।** गायन जगत की अमर स्वर सम्राज्ञी आशा भोसले के निधन से देश-विदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। 92 वर्ष की आयु में उनके देहावसान से न सिर्फ भारतीय संगीत जगत, बल्कि फिल्म उद्योग और करोड़ों संगीत प्रेमियों को गहरा आघात पहुंचा है। उनके जाने से सुरों का एक स्वर्णिम युग मानो समाप्त हो गया है। इस अपूरणीय क्षति को लेकर जिला कलाकार संघ, बक्सर (डाब) ने प्रेस वक्तव्य जारी कर गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसे संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया और दिवंगत गायिका को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के अध्यक्ष सुरेश संगम ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत ने एक सुर-देवी को खो दिया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की आवाज केवल गीत नहीं, बल्कि भावनाओं की सजीव अभिव्यक्ति थी। प्रेम, पीड़ा, उत्सव और शरारत जैसे हर भाव को उन्होंने अपनी गायकी में बखूबी ढाला। उनका योगदान केवल हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारतीय संगीत की सांस्कृतिक धारा को नई दिशा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं महासचिव हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि आशा जी की आवाज वह जादू थी, जो हर दिल को छू जाती थी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा गाए गए अमर गीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे। आज भले ही संगीत जगत शोक में डूबा है, लेकिन उनके सुर हमेशा जीवित रहेंगे। संघ ने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिवार, चाहने वालों और समस्त संगीत जगत को इस गहरे दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### बगेन मंडल मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन मंडल अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन मंडल कार्यालय बगेन गोला पर आयोजित किया गया। पार्टी के पदाधिकारी प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रगान से शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण महाभियान का अध्यक्षता बगेन मंडल के अध्यक्ष उदय कुमार उज्जैन ने किया। प्रशिक्षण में भाजपा नेता बलराम पांडेय ने प्रथम सत्र मे कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्मक मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात कर जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के तीसरे सत्र में ओम ज्योति भगत ने सोशल मीडिया पर प्रकाश डाला और बताया कि आज के जमाने मे सोशल मीडिया कितना बड़ा क्रेज है इसे हमे अच्छे कामों मे लगना चाहिए। चौथा सत्र मे पिंकी पाठक ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत बहादुर सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, मंडल उपाध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय, महामंत्री मजी पासवान, विजय कुमार शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशीष ठाकुर, वासुदेव मिश्रा, संतोष ठाकुर, अजय कुमार मिश्रा, शिव शंभू पांडेय, रूपेश पाठक, कृष्णकांत चौबे, कपिल चंद्रवंशी, रितेश तिवारी, विकास कुमार मिश्रा, अविनाश सिंह आदि थे।

### गेहूं खरीद पर सवाल, एमएसपी से किसान वंचित

**बक्सर।** बक्सर जिले में गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। भाकपा-माले नेता एवं मणियां पैक्स के अध्यक्ष नीरज कुमार ने सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि इस वर्ष लगभग 2.68 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन के बावजूद सरकारी खरीद का लक्ष्य मात्र 628 मीट्रिक टन तय करना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने इसे किसानों के साथ अन्याय करार दिया। नीरज कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित 2,585 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य केवल कागजों तक सीमित रह गया है। जमीनी हकीकत यह है कि किसान मजबूरी में 2,200 से 2,300 प्रति क्विंटल के दर पर अपनी उपज बेचने को विवश हैं। इससे किसानों को प्रति क्विंटल 300 से 400 तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति किसी प्राकृतिक कारण से नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का परिणाम है। उनके अनुसार, सरकार खरीद व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय उसे कमजोर कर रही है, जिससे किसान बिचौलियों के हाथों शोषित हो रहे हैं। भाकपा-माले ने मांग की है कि गेहूं खरीद का लक्ष्य उत्पादन के अनुरूप बढ़ाया जाए और पैक्सों को सक्रिय कर पंचायत स्तर तक खरीद सुनिश्चित की जाए। साथ ही, हर किसान को एमएसपी का लाभ मिले, इसके लिए कानूनी गारंटी दी जाए। नीरज कुमार ने कहा कि यदि कोई किसान कम दाम पर अपनी फसल बेचने को मजबूर हुआ है, तो सरकार उसे अंतर राशि का भुगतान करे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के साथ इस तरह का अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद पर मारपीट, 11 लोग घायल

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के कटहरा थाना क्षेत्र स्थित बखरीदोआ गांव में मंगलवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और आगजनी हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 11 लोग घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से एक झोपड़ीनुमा घर और उसमें बंधी एक गाय जलकर मर गई। सूचना मिलते ही महुआ अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। महुआ अनुमंडल अग्निशामक पदाधिकारी सत्य राज ने बताया कि आग बुझा दी गई है। घटना के दौरान कटहरा पुलिस की डायल 112 टीम भी मौके पर मौजूद थी। जानकारी के अनुसार, बखरीदोआ गांव निवासी दिलीप पासवान और अर्जुन पासवान के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस विवादित जमीन की सरकारी अमीन द्वारा चार से पांच बार मापी की जा चुकी है। सोमवार को भी अमीन मापी के लिए आया था, लेकिन एक पक्ष ने उसे मापी करने से रोक दिया था। मंगलवार को यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट और आगजनी की घटना हो गई। प्रथम पक्ष से स्वर्गीय देवेंद्र पासवान के पुत्र दिलीप पासवान, भिखारी पासवान, नीतू देवी और किरण देवी (जो अपने मायके बखरीदोआ आई थीं) घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से मक्खन पासवान के पुत्र अर्जुन पासवान, सविता कुमारी, हरेंद्र पासवान, राजीव कुमार, रवि किशन, अंधीर कुमार और सोनाली कुमारी घायल हुए हैं। आसपास के लोगों के मुताबिक, सभी घायलों को उनकी सुविधा के अनुसार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आगजनी की घटना में झोपड़ीनुमा घर पूरी तरह जल गया। इसमें बंधी एक गाय की भी मौत हो गई। इसके अलावा, तीन साइकिल, एक स्कूटर, दो चारा काटने की मशीन और झोपड़ी में रखा अनाज भी जलकर राख हो गया। इस दौरान कटहरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में दोनों पक्षों में से किसी के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं है। आवेदन मिलने पर जांच कर होगी कार्रवाई।

### वैशाली में गंगा स्नान के दौरान भाई-बहन लापता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबे ममेरे-फुफेरे भाई-बहन निशांत कुमार और मानती कुमारी 36 घंटे बाद भी लापता हैं। उनकी तलाश में एसडीआरएफ (SDRF) का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है, लेकिन दूसरे दिन भी उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लापता निशांत कुमार पटना जिले के धनरूआ थाना अंतर्गत पवेरा निवासी अरविंद शर्मा के पुत्र हैं, जबकि मानती कुमारी दीदारगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर निवासी सुधीर शर्मा की पुत्री हैं। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई-बहन थे।



जानकारी के अनुसार, निशांत कुमार आलमपुर कच्ची दरगाह स्थित अपनी मौसी के घर आए हुए थे। मानती भी अपनी फुआ के घर आई हुई थी। रविवार को मौसी के घर से पांच महिलाएं और दो पुरुष रुस्तमपुर थाना के कच्ची दरगाह घाट पर स्नान करने गए थे। नदी में पानी कम होने के कारण सभी पीपा पुल के पास स्नान कर रहे थे। स्नान के दौरान मानती कुमारी अचानक डूबने लगीं। उन्हें बचाने के प्रयास में छह अन्य लोग भी पानी में डूबने लगे। शोर सुनकर स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, निशांत और मानती तेज धारा में बह गए और लापता हो गए। निशांत के पिता बनारस में बढ़ई का काम करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने रुस्तमपुर थाना को जानकारी दी। खबर लिखे जाने तक एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच चुकी थी और व्यापक तलाशी अभियान चला रही थी। सूचना मिलने पर राघोपुर के सीओ राजीव रंजन चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम को लाने के लिए अपनी गाड़ी भेजी।

### चैनपुर में भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**हाजीपुर।** वैशाली के गोरौल प्रखंड स्थित चैनपुर गांव में भीषण आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बिजली पावर ग्रिड के पास झाड़ियों में लगी आग तेजी से फैल गई, जिससे करीब एक एकड़ फसल जलकर राख हो गई। चैनपुर गांव में बिजली पावर ग्रिड के समीप अचानक झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों में फैल गई। इस भीषण आग में झुलसी और इकरी सहित लगभग एक एकड़ में लगी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही फसल तबाह हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गोरौल, बेलसर, भगवानपुर और महुआ अनुमंडल से अग्निशमन विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि, प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण यह आग भड़की होगी।

### एईएस को लेकर अलर्ट मोड में स्वास्थ्य विभाग

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही चमकी बुखार (AES) के मामलों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर मेडिकल से लेकर ग्रामीण स्तर तक व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (SKMCH) में अब तक कुल 17 AES के मामले सामने आए हैं, जिनमें 12 बच्चे मुजफ्फरपुर के और 5 अन्य जिलों के हैं। सभी बच्चों का इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। फिलहाल कुछ बच्चे भर्ती हैं, लेकिन अभी तक कोई नया मामला सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष किसी भी बच्चे की मौत न हो, इसके लिए विशेष तैयारी की है। SKMCH में 100 बेड का ICU पूरी तरह रेडी मोड में रखा गया है। इसके अलावा सदर अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू तैयार है और जिले के सभी PHC और CHC में 2-2 आईसीयू बेड रिजर्व किए गए हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोगों को चमकी बुखार के लक्षण, बचाव और समय पर इलाज के प्रति जागरूक किया जा रहा है। SKMCH के उपाधीक्षक डॉ. गोपाल शंकर साहनी ने बताया कि अस्पताल में इलाज की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। सभी आवश्यक दवाएं और जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस वर्ष भी बेहतर परिणाम लाने का लक्ष्य है और किसी भी बच्चे की AES से मौत न हो, इसके लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। जिले के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। PHC, CHC और सदर अस्पताल के अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में इलाज में लापरवाही न हो और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें।

### मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**मुजफ्फरपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर उपवन में अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य अतिथियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, नगर आयुक्त रितुराज प्रताप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) तुषार कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी (पश्चिमी) आकांक्षा आनंद समेत कई अधिकारी व कर्मचारी संघ के सदस्य शामिल रहे। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संघ की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जबकि समारोह की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने की। समारोह में वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार, आदर्श और सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह और स्कूल बैग प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# धूमधाम से निकली बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा, गूंजा 'जय भीम' का नारा





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी पटना में भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। हाऊसिंग कॉलोनी स्थित जनता फ्लैट परिसर में इंस्पेक्टर धर्मेंद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मुहल्लों से गुजरते हुए मुख्य मार्गों पर निकली, जहां हर ओर 'जय भीम' और 'बाबा साहेब अमर रहें' जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। बाबा साहेब की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया था, जो श्रद्धा और सम्मान का केंद्र बनी रही।

युवाओं की टोली हाथों में नीला झंडा लिए पूरे जोश के साथ नारे लगा रही थी— "जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा"। शोभायात्रा में शामिल झांकियों के माध्यम से बाबा साहेब के संघर्षमय जीवन और भारतीय संविधान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।ऊंट और घोड़े की सवारी भी आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए, वहीं महिला बैंड पार्टी की प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही, जिसने अपनी मधुर धुनों से माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब के बताए मार्ग— शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो— पर चलने का आह्वान किया और इसे समाज के उत्थान का मूल मंत्र बताया।

इस अवसर पर वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनीता कुमारी, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, बहुजन नेता अशोक महतो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, पूर्व सांसद संजय पासवान, अमर आजाद, अनामिका पासवान, नीलम देवी, लालदेव पासवान और पूर्व मुखिया अशोक पासवान सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अतिथियों को आयोजक धर्मेंद्र पासवान द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजित मेडिकल कैंप में सैकड़ों लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजक धर्मेंद्र पासवान ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए संविधान की रक्षा और बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## आर्केड बिजनेस कॉलेज में लगी आग, शॉर्ट-सर्किट से हादसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** पटना के दिनकल गोलंबर के पास आर्केड बिजनेस कॉलेज में आग लग गई है। मौके पर अफरा-तफरा की स्थिति बनी है। धुआं देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई है। लोग अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। अगलगी की वजह शॉर्ट-सर्किट बताआ जा रही है। फिलहाल मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां पहुंच चुकी है। घटना कदमकुआं इलाके की है।

**लैब में आग लगी है:** G+2 का स्ट्रक्चर है। ऊपर वाले फ्लोर में लैब है, जहां आग लगी है। लैब के अंदर रखे कंप्यूटर, टेबल-कुर्सी वगैरह सब कुछ जलकर खाक हो गया है। अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि 2:15 बजे के करीब आग लगने की सूचना मिली। उस वक्त हम लोग अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मेदांता अस्पताल में मौजूद थे।जैसे सूचना मिली फॉरेन आर्केड बिजनेस कॉलेज पहुंचे।

❑ **25 लोगों का रेस्क्यू, दमकल की 3 से ज्यादा गाड़ियों ने बुझाई लपटें**

यहां जब अग्निशमन की टीम पहुंची तो 20 से 25 की संख्या में लोग ऊपरी फ्लोर पर फंसे थे जिन लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट निकलकर सामने आई है। इससे पहले भी बिजनेस ऑर्किड कॉलेज को फायर इक्विपमेंट को लेकर नोटिस जारी किया गया था। बावजूद इसके इक्विपमेंट्स नहीं लगाए गए थे। आग बुझाने में तकरीबन आधा घंटा का वक्त लगा है। लैब के अंदर रख टेबल कुर्सी फर्नीचर,कंप्यूटर और अन्य डिजिटल इक्विपमेंट को नुकसान पहुंचा है। एक बार फिर से इन्हें नोटिस दिया जाएगा।

## सीएम नीतीश ने बाबा साहेब के आदर्शों पर आधारित नीतियों के माध्यम से उनके सपनों को साकार किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय, पटना में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में सुशासन के माध्यम से बाबा साहेब की विचारधारा एवं उनके सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर आधारित नीतियों का निर्माण किया और उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा। उनके नेतृत्व में बिहार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु कई ठोस एवं दूरगामी कदम उठाए गए, जिनसे समाज के सबसे वंचित एवं पिछड़े वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।



नीतीश कुमार द्वारा महादलित विकास मिशन की शुरुआत की गई। इसके माध्यम से शिक्षा, रोजगार, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। वर्ष 2007 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग का स्वतंत्र रूप से गठन किया गया। साथ ही, राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की स्थापना कर इन समुदायों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

शैक्षणिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय तथा डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावासों की स्थापना की गई। वर्तमान में राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 66 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 25 आवासीय विद्यालय संचालित हैं।

# डेटिंग ऐप पर प्यार, युवक से 29 लाख की ठगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में एक युवक (27) से 29 लाख की ठगी हुई है। डेटिंग ऐप 'SCHMOOZE' पर पीड़ित की एक लड़की से पहचान हुई थी। पीड़ित को उस लड़की ने अपना नाम रैचल बताया था। कुछ दिनों में दोनों ने एक-दूसरे का व्हाट्सएप नंबर एक्सचेंज किया। व्हाट्सएप पर दोनों बातें करते थे। एक दूसरे की तस्वीरें और वीडियो शेयर किया करते थे। लड़की ने युवक को ठगने की प्लानिंग पहले से बना रखी थी, पर पीड़ित को नहीं पता था कि उसके साथ ऐसा हो सकता, वो तो ये सोचता रहा कि वो लड़की उससे प्यार करती है। कुछ ही दिन में शादी तक बात पहुंच गई। लड़की ने कहा कि रिश्ता आगे बढ़ाने से पहले तुम इन्वेस्टमेंट कर लो। जिसके बाद पीड़ित तैयार हो गया। बस यहीं उससे गलती हो गई। लड़के ने 6 दिसंबर 2025, 20 जनवरी 2026 और 2 मार्च 2026 को तीन बार में



29 लख रुपए इन्वेस्ट कर दिए। ये रुपए उसने अपनी बहन की शादी के लिए जमा किए थे। पीड़ित ने साइबर थाने में मामले की शिकायत की है।

**रुपए डबल होने का लालच दिया:** फ्रॉड लड़की ने पीड़ित को कहा था कि हम शादी करने वाले हैं। नई जिंदगी की शुरुआत करने वाले हैं। हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी रहे इसके लिए हमें कुछ सोचना होगा। लड़के ने उससे पूछा कि ऐसा करने के लिए क्या करना होगा। लड़की ने पीड़ित को Www.ebc.infx.com में इन्वेस्टमेंट प्लान के बारे में बताया। फ्रॉड लड़की ने पीड़ित से कहा था कि तुम जितने रुपए इन्वेस्ट करोगे उसका दोगुना हो जाएगा। लड़की ने युवक को इस तरह से मोटिवेट किया कि पीड़ित को प्लान अच्छा लगने लगा और वो उसकी बातों में आ गया।

◆ **इन्वेस्टमेंट के नाम पर 3 किस्तों में ऐंठे रुपए, पीड़ित ने बहन की शादी के लिए रखे थे रुपए**

**इन्वेस्टमेंट के बाद लड़की ने दूरी बनानी शुरू की:** इन्वेस्टमेंट के बाद लड़की ने दूरी बनानी शुरू की। उसने बातें करनी बंद कर दी। लड़के ने उससे संपर्क करने के लिए पूरी कोशिश की। अंतिम में पीड़ित ने उस साइट के बारे में पता लगाया जहां उसने अपने रुपए लगाए थे। तब उसे अहसास हुआ कि वो ठगा गया है। जिसके बाद पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा और पूरी कहानी बताई।

**घरवालों को नहीं पता ठगी हुई:** पुलिस को पीड़िता ने बताया है कि मैं प्राइवेट जॉब करता हूं। मैंने इनते सारे रुपए गंवा दिए इस बारे में मैंने अपने घरवालों को भी नहीं बताया है। मुझे अभी रुपए की बहुत जरूरत है। अगले महीने बहन की धूमधाम से शादी है। मैंने इसके लिए रुपए जमा किए थे। अब मैं अपनी बहन की शादी कैसे करूंगा। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है।

**कहीं भी रुपए देने से पहले जांच-पड़ताल कर लें:** साइबर डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर इन्वेस्टमेंट के ऐड दिखाते हैं तो सबसे पहले उसका वेरिफिकेशन करें। पूरी तरह से उसके बारे में पता लगाने के बाद ही इन्वेस्टमेंट करें। रजिस्टर्ड कंपनी का अपना एक सिंगल रजिस्टर्ड अकाउंट होता है। अलग-अलग अकाउंट का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। लेकिन फ्रॉड आमतौर पर अलग-अलग अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं।

# 'बिहार में लोकतंत्र खोखली हो चुकी है'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले हैं। इस पर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नीतीश कुमार उस दिन इस्तीफा दे रहे हैं, जिस दिन संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती है। यह भी अपने आप में सोचने वाली बात है। आज के दिन कम से कम उन्हें इससे बचना चाहिए। बाबा साहेब ने लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए संविधान दिया था, लेकिन आज बिहार में लोकतंत्र खोखली हो चुकी है।

जिस तरह से बिहार में सरकार की तस्वीर सामने आ रही है या यूं कहे कि मंत्री परिषद और मुख्यमंत्री की तस्वीर आ रही है, वह अपने आप में संविधान के मूल्यों को खोखला करने वाली है। लोकतंत्र में चुने हुए जन प्रतिनिधि का मूल्य है। जो लोग खानदानवाद के नारे दे रहे थे आज उसी में उलझ कर रह गए हैं। आज के दिन हम लोग को एकजुट होकर संविधान की शपथ लेनी चाहिए।

**सदाकत आश्रम में भीम शक्ति संवाद का आयोजन:** दरअसल, आज कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भीमराव अंबेडकर जयंती



के मौके पर भी भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और फिर दीप प्रज्ज्वलन करके विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन झा भी मौजूद रहे। राजेश राम ने कहा कि आज पूरे विश्व में 135वीं भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जा रही है। बाबा साहब ने जो संविधान दिया है पूरा देश उस एक सूत्र में बंधा हुआ है। आर्टिकल 12 से लेकर 35 तक हमें अभिव्यक्ति की आजादी के साथ खाने-पीने, रहन-सहन, बोलने की आजादी देता है। इसे हम एक आदर्श के रूप में नई ऊर्जा के साथ LDM के

❑ **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बोले, अंबेडकर जयंती पर नीतीश को इस्तीफा नहीं देना चाहिए था**

माध्यम से इस जयंती को मना रहे हैं। कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में नई लीडरशिप को मौका देना चाहती है। आज का आयोजन हमारे युवा कांग्रेसी जो की थर्ड जनरेशन के हैं, उन्होंने किया है।


**राहुल गांधी चाहते हैं कि युवाओं को अवसर मिले:** बाबा साहेब ने कहा था कि अगर देश को विधिवत विकास चाहिए तो हमें आर्थिक रूप से मजबूत होना होगा। सभी को अपनी व्यवसाय करनी चाहिए। दूसरी ओर उन्होंने कहा था कि अगर देश में लोकतंत्र को मजबूत रखना है तो हर व्यक्ति को अपने आप में एक लीडर पैदा करना होगा और उसे विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा में अपनी भागीदारी दे। राहुल गांधी चाहते हैं कि युवाओं को अवसर मिले और इसी लिए बिहार कांग्रेस नई लीडरशिप बनाने में जुटी है।

## दक्षिण-मध्य बिहार में 18 के बाद 40 पार जाएगा पारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** राजधानी समेत राज्यभर में मौसम बदला हुआ है। पटना मौसम केंद्र के मुताबिक 18 अप्रैल के बाद दक्षिण और मध्य बिहार के कई जिलों में पारा 4 डिग्री तक बढ़ेगा, जिससे अधिकतम तापमान 40 के पार जाने की संभावना है। गयाजी, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, नवादा, बक्सर समेत कई जिलों में हीट वेव की स्थिति बनेगी। अगले 7 दिनों तक अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना नहीं है। अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में एक-दो जगह हल्की बारिश संभव है।

**क्यों बढ़ रही गर्मी:** पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण ट्रफ लाइनें राज्य से गुजर रहीं। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर, इसलिए ठंडा असर नहीं मिल रहा। ऊपर के स्तर पर तेज जेट



स्ट्रीम हवाएं, लेकिन सतह पर गर्मी हावी। इन सभी कारणों से नमी घटी और तापमान बढ़ा।

**नमी कम होने की वजह से मौसम शुष्क:** उत्तर-पूर्व बिहार के ऊपर कई ट्रफ लाइन बनी हैं। इससे नमी कम हो रही है और मौसम शुष्क बना हुआ है। तेज धूप और गर्म हवाएं तापमान को लगातार बढ़ा रही हैं। कई जगहों पर हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी तक पहुंच रही है। इससे अब दिन में बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। शरीर में पानी की कमी और थकान बढ़ रही है।

## इंस्पेक्टर पर 50 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में खेमनी चक मोड पर एक इंस्पेक्टर और कोयला कारोबारी के बीच गाली-गलौज और हंगामा हुआ। इस दौरान लोगों की भीड़ भी जुटी रही। दरअसल, कोतवाली इलाके के मौर्या लोक के पास कोयला कारोबारी किसी काम के से पहुंचे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी पास में ही खड़ी की थी। काम पूरा होने के बाद कारोबारी गाड़ी में आकर बैठे तब तक साइबर थाने में पदस्थापित एक इंस्पेक्टर वर्दी में आए और उसे पकड़ लिया। कोयला कारोबारी के दोस्त का आरोप है कि पकड़ने के बाद उन्होंने कारोबारी के मोबाइल फोन ले लिए। गाड़ी की चाबी निकाल ली। इसके बाद केस में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की डिमांड करने लगे।

**दो घंटे तक शहर में घुमाया:** दोस्त ने बताया, तकरीबन एक से



दो घंटे तक उसी गाड़ी से शहर में घुमाया। इसी बीच कारोबारी ने अपने पार्टनर को फोन कर के रुपये लाने के लिए कहा। पार्टनर ने इंस्पेक्टर से बात की और डिमांड के रुपए देने को लेकर राम कृष्ण नगर इलाके के खेमनी चक में बुलाया। कारोबारी के पार्टनर ने इंस्पेक्टर से शर्त रखी कि वर्दी में नहीं आएंगे। रुपए लेने सादे लिबास में आएंगे।

## नीतीश कुमार का दो दशक का कार्यकाल 'स्वर्णिम युग' समावेशी विकास और सुशासन की नई पहचानः जदयू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के पिछले दो दशकों के कार्यकाल को आधुनिक बिहार के इतिहास में 'स्वर्णिम युग' के रूप में याद किया जाएगा। वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने एक ऐसे बिहार की नींव रखी, जो समावेशी विकास और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। यह बातें जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम और परिमल कुमार ने मंगलवार को मीडिया में जारी बयान में कहीं।

प्रवक्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने बदहाल कानून-व्यवस्था के दौर को पीछे छोड़ते हुए सुशासन के माध्यम से भयमुक्त वातावरण स्थापित किया और विकास की नई दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया, जो लंबे समय से उपेक्षित रहे थे।



महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देने और पुलिस बल में उनकी बड़े पैमाने पर बहाली के फैसले ने प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

वर्ष 2013 में पुलिस बल में 35 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के बाद आज बिहार में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या देश में सबसे अधिक बताई जा रही है। इसके साथ ही 'जीविका' योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है। इस पहल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है और बड़ी संख्या में महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपना भविष्य संवार रही हैं।

प्रवक्ताओं ने आगे कहा कि पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गईं, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान को बल मिला। मुख्यमंत्री के 'न्याय के साथ विकास' के संकल्प का ही परिणाम है कि आज राज्य के दूरदराज गांवों तक बिजली और आधारभूत संरचनाएं पहुंच चुकी हैं। सड़कों और पुलों के निर्माण से राज्य की कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार हुआ है और बिहार आज आधारभूत ढांचे के मामले में देश के अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है। प्रवक्ताओं ने कहा कि यह 20 से अधिक वर्षों की निरंतर मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज बिहार एक प्रगतिशील और सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिला प्रशासन ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**खूंटी।** भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर समाहरणालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी थे,बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री,विधिवेता और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और समता,स्वतंत्रता तथा बंधुत्व पर आधारित समाज की स्थापना के लिए कार्य किया। उनका सम्पूर्ण जीवन वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने एवं समाज में न्यायसंगत व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित रहा। उपायुक्त ने बाबा साहेब के योगदानों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतंत्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं कर्मीगण की ओर से बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व उपायुक्त आर० रॉनिटा, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए अलोक शिकारी कच्छप,अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी,जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम,डीसीएलआर अरविंद ओझा,नजारत उप समाहर्ता कोमल कुमारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा चौधरी,जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील,कार्यपालक दंडाधिकारी बिपिन कुमार विश्वास सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### जमशेदपुर में कांग्रेस ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती, साकची में प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साकची स्थित पुराना कोर्ट परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान परविंदर सिंह ने बाबा साहेब के जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि वे केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक भी थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब का सपना एक ऐसे भारत का निर्माण करना था, जहां सभी को समान अधिकार और अवसर मिल सके। परविंदर सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बाबा साहेब के 'शिक्षा, संगठन और संघर्ष' के सिद्धांतों को अपनाकर ही समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है और एक समरस तथा सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला और प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

### नहीं रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खूंटी जिला कार्यवाह मदन मोहन गुप्ता



**खूंटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खूंटी जिला कार्यवाह, जिला बौद्धिक प्रमुख, जिला संघ चालक जैसे पद को सुशोभित कर चुके मदन मोहन गुप्ता का सोमवार की रात निधन हो गया। इनके निधन की खबर मिलते पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।। मदन मोहन गुप्ता रामनवमी महासमिति ,गायत्री परिवार सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े थे। मदन मोहन गुप्ता के निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, डॉ निर्मल सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार, प्रियांक भगत, अनूप साहू, सुनील साहू, जितेंद्र कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, ओपी कश्यप, संजय साहू, निखिल कंडुलना, संतोष जायसवाल, विनोद जायसवाल सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि मदन मोहन गुप्ता बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। सामाजिक धार्मिक काम में उनकी सहभागिता सदैव बढ़-चढ़ कर रहती थी। उनके निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। मदन मोहन गुप्ता पिछले चार वर्षो से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित थे।

### टाटा मोटर्स गेट पर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता की मांग को लेकर प्रदर्शन



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित टेल्को थाना क्षेत्र में मंगलवार को टाटा मोटर्स के मुख्य गेट पर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर बंटी सिंह गुट ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने गेट जाम कर दिया, जिससे कंपनी के अंदर-बाहर अफरा-तफरी मच गई और उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ। गेट जाम होने के कारण बी शिफ्ट के कर्मचारी कंपनी के अंदर प्रवेश नहीं कर सके, जबकि ए शिफ्ट के कर्मचारी ड्यूटी खत्म होने के बाद बाहर नहीं निकल पाए। सैकड़ों कर्मचारी गेट पर फंसे रहे, जिससे कंपनी की कार्यप्रणाली पर असर पड़ा। प्रदर्शन के दौरान "बंटी सिंह जिंदाबाद" के नारे गूंजते रहे और बड़ी संख्या में समर्थक मौके पर डटे रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बंटी सिंह ने कंपनी प्रबंधन और यूनियन पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं और कर्मचारियों के बच्चों को रोजगार के अवसरों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए टेल्को और गोविंदपुर थाना की पुलिस के साथ बड़ी संख्या में क्यूआरटी टीम को तैनात किया गया। प्रशासन ने वार्ता के माध्यम से मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका था। टेल्को थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, कंपनी प्रबंधन की ओर से इस मामले में फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## रांची में अंबेडकर जयंती पर राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान






**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और बाबा साहेब के योगदान को याद किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया, जो लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान के कारण ही भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को एक समावेशी और न्यायपूर्ण दिशा प्रदान की। उनके द्वारा निर्मित संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर दिया। राज्यपाल ने उनके जीवन को संघर्ष, संकल्प और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की और समाज में व्याप्त भेदभाव तथा असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका मानना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। एक समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय है और उनके द्वारा निर्मित संविधान को पूरा देश नमन करता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बाबा साहेब एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने गरीब, पिछड़े, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने में अपना योगदान दें।

## राज्यपाल से नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा ने की मुलाकात



**एजेंसी। रांची**

राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। राज्यपाल ने कहा कि वे उच्च शिक्षा में गुणात्मक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय राज्य का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। उन्होंने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि राज्य में उच्च शिक्षा का ऐसा वातावरण स्थापित हो, जिससे अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए आकर्षित हों तथा यहां के विश्वविद्यालयों की गणना राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट संस्थानों में हो। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अनुशासन, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने की जागरूकता बढ़ाने की अपील

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची स्थित लोक भवन में महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं एमएस भाटिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के अवसर पर उन्हें बैज पहनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने अग्निशमन सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों में अग्निशमन कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि ये कर्मी अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। राज्यपाल ने 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के माध्यम से आम लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सुरक्षा उपायों के प्रति सजग रहें और आपदा से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों की भी जानकारी दी गई, जिनका उद्देश्य लोगों को आग से बचाव और आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने के प्रति जागरूक करना है।

## झारखंड में बढ़ी गर्मी की तपिश, जमशेदपुर सबसे गर्म, 17-18 अप्रैल को लू का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों गर्मी का असर तेज हो गया है। कड़ी धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोग दोपहर के समय घरों से निकलने से बच रहे हैं। दिन के समय मौसम तपता हुआ महसूस हो रहा है। मंगलवार को रांची का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार, अभी तापमान औसत के आसपास है और स्थिति पूरी तरह से असामान्य नहीं है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, 17 और 18 अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में लू चलने की संभावना है। 17 अप्रैल को राज्य के पश्चिमी और आसपास के मध्य भागों में, जबकि 18 अप्रैल को पश्चिमी, मध्यवर्ती और दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू का प्रभाव देखा जा सकता है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, शाम होते-होते मौसम सुहावना और ठंडा हो जा रहा है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम 18.9 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 18.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 39.4 डिग्री और न्यूनतम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और लू से बचाव के लिए पर्याप्त सावधानी बरतें।

### रांची में लोजपा (रामविलास) ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती, सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष को किया याद



**एजेंसी। रांची**

रांची में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की झारखंड प्रदेश इकाई ने मंगलवार को निवारणपुर स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान ने किया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया। मौके पर बीरेन्द्र प्रधान ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलते हुए राम विलास पासवान ने अपने जीवनकाल में वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया और सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान आज उनके अधूरे सपनों को साकार करने और सामाजिक समरसता, समानता व न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में उमेश तिवारी, आदित्य विजय प्रधान, रतन पासवान, उत्तम राय, शिव, हाफिजुल हसन, हरि राम, ममता रंजन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## जमशेदपुर में 'राष्ट्रीय अग्नि दिवस' पर जागरूकता अभियान,अग्नि सुरक्षा और सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर में 'राष्ट्रीय अग्नि दिवस' के अवसर पर मंगलवार को नागरिक सुरक्षा की ओर से एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत लोगों को आग से बचाव के उपायों के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। शहर के कदमा–सोनारी लिंक रोड पर सुबह की सैर कर रहे लोगों के बीच शुरू हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान पश्चिमी जमशेदपुर विधानसभा के विधायक सरयू राय भी अचानक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आम लोगों के साथ फायर फाइटिंग तकनीकों को समझा, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की प्रक्रिया सीखी और स्वयं अग्निशमन यंत्र चलाकर लोगों को प्रेरित किया। उनकी सहभागिता से कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। अभियान के दौरान नागरिक सुरक्षा टीम ने लाइव डेमो के माध्यम से आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। गैस सिलेंडर, बिजली के शॉर्ट सर्किट और घरेलू आग जैसी घटनाओं में किस प्रकार त्वरित और सही प्रतिक्रिया दी जाए, यह विस्तार से समझाया गया। साथ ही लोगों को यह संदेश दिया गया कि घबराने के बजाय सही तकनीक अपनाने से बड़े हादसों को रोका जा सकता है। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सीपीआर प्रशिक्षण रहा, जिसमें लोगों को सिखाया गया कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़े या वह बेहोश हो जाए, तो शुरुआती समय में किस तरह प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षकों ने चरणबद्ध तरीके से डेमो देकर प्रतिभागियों को अभ्यास भी कराया। इस जागरूकता अभियान की रूपरेखा सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अरुण कुमार, वरिष्ठ सहायक सुरेश प्रसाद और समाजसेवी विक्रम सिंह ने तैयार की, जबकि जितेंद्र तिवारी ने फायर सेफ्टी और सीपीआर से जुड़ी तकनीकी जानकारी साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिविल डिफेंस के कई स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा कि इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रम शहर के हर मोहल्ले और संस्थानों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग बुझाने का यंत्र रखने और नए भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे इस जागरूकता को अपने परिवार, पड़ोस और समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाएंगे, ताकि आपदा की स्थिति में अधिक से अधिक लोग सतर्क और सक्षम रह सकें।

## रांची विश्वविद्यालय की नई कुलपति डॉ. सरोज शर्मा ने संभाला पदभार, बिरसा मुंडा और डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। रांची**



रांची विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति डॉ. सरोज शर्मा ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण करने के बाद विश्वविद्यालय परिसर स्थित परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं और अपने कार्यों की शुरुआत उनके आशीर्वाद से करना उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने इसे अपने नए दायित्व के लिए संकल्प और ऊर्जा देने वाला क्षण बताया। इसके बाद वे परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग पहुंचीं, जहां उन्होंने एक बार फिर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर (वोकेशनल) डॉ. स्मृति सिंह ने अन्य शिक्षकों के साथ कुलपति का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा भेंट की गई। कार्यक्रम के क्रम में कुलपति लॉ डिपार्टमेंट (आईएलएस) भी पहुंचीं, जहां उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत का समतामूलक समाज, सशक्त संविधान और सफल लोकतंत्र बाबा साहेब की अमूल्य देन है। उनके विचारों और कार्यों के कारण ही देश अपने लोकतांत्रिक मूल्यों पर गर्व करता है और हम सभी उनके प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। कुलपति ने सभी को बाबा साहेब की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईएलएस विभाग का संविधान से विशेष संबंध है, इसलिए आने वाले वर्षों में 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की जयंती को और अधिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

### रांची में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती, संविधान के मूल्यों पर चलने का आह्वान

**एजेंसी। रांची**

रांची में भारतीय एकता कमेटी और एकता भाईचारा पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को करबला टैंक रोड स्थित मुख्य कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके विचारों और योगदानों को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने भारतीय संविधान की महत्ता और बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 16 के पार्षद सह वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद सलाउद्दीन (संजू) और वार्ड संख्या 15 के पार्षद प्रतिनिधि गुलाम सरवर रिजवी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा निर्मित संविधान के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही युवाओं से शिक्षा ग्रहण कर देश और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम



मुस्तफा ने देश के महान नेताओं के त्याग और बलिदान को याद करते हुए लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने भी सामाजिक समानता, शिक्षा और संविधान के महत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सचिव रामेश्वर राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर मनोज राम, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद यूनुस सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### थाने-थानेदार की रेटिंग अब जनता करेगी, हर थाने में लगा क्यूआर कोड

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अब थाने और थानेदार की रेटिंग क्यूआर कोड से तय होगी। इसके



लिए सभी थाने और चौकियों में क्यूआर कोड लगाए गए है, जिनको स्कैन करके थाने में आने वाले शिकायतकर्ता को फीडबैक देना होगा। इसी के आधार पर तय होगा कि किस थाने में जनता के साथ अच्छा व्यवहार किया जा रहा है, वहीं जिन थानों में लगे स्कैन पर पब्लिक के फीडबैक सही नहीं आएंगे तो उनके खिलाफ खुद पुलिस आयुक्त की ओर से कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी सभी जिलों के पुलिस आयुक्त को आदेश दिए थे कि वह थाने और चौकी में शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करे। इसके साथ ही थाने में आने वाले व्यक्ति के बैठने और उसके पेयजल की व्यवस्था भी हो। जिले में कुल 29 थाने और 30 चौकी है। थानों में प्रतिदिन आठ से दस लोग शिकायत लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में कई बार पुलिस पर कई बार शिकायतकर्ता द्वारा यह भी शिकायत की जाती है कि उनकी सुनवाई नहीं की गई या उनके साथ गलत व्यवहार किया गया। क्यूआर कोड पर आने वाली शिकायतों या किसी भी तरह के फीडबैक का प्रतिदिन रिव्यू किया जाएगा। फीडबैक के अनुसार थाने और चौकी में अगर किसी तरह की कमी होती है तो उसमें सुधार किया जाएगा। इसके साथ शिकायतकर्ता के साथ गलत व्यवहार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभी तक शिकायतकर्ता के पास फीडबैक देने को लेकर कोई सही मंच नहीं था। यह पूरी प्रक्रिया पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए है। थाने में आने वाले शिकायतकर्ता को ऐसा महसूस नहीं होना चाहिए कि उसकी अगर यहां पर सुनवाई सही तरीके से नहीं हुई तो वह अपनी आवाज दूसरी जगह नहीं उठा सकता है।

### अब मृत वन्यजीव को जलाने की जगह किया जाएगा संरक्षित

**गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी में प्रदेश का पहला टैक्सिडर्मी सेंटर होगा। इसके लिए जिला अदालत के नजदीक वन विभाग कार्यालय के पीछे बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। अगले महीने से सेंटर चालू करने का प्रयास है। सेंटर चालू होने के बाद मृत वन्यजीवों को जलाया नहीं जाएगा बल्कि खाल सहित उसके सभी अंग सुरक्षित रखे जाएंगे। सेंटर में जिस वन्यजीव का खाल होगा उसके अनुरूप ढांचा तैयार किया गया। ढांचा तैयार होने के बाद उसमें खाल लगा दिया जाएगा, जिससे कि वह जीवित वन्यजीव की तरह दिखाई दे। ढांचों को वन्यजीव जागरूकता केंद्रों में लगाया जाएगा ताकि लोग वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। प्रदेश के वन्य क्षेत्रों में काफी संख्या में वन्यजीव हैं। उदाहरणस्वरूप अरावली पहाड़ी क्षेत्र में ही तेंदुआ, हिरण, गिदड़ सहित कई प्रकार के काफी संख्या में वन्यजीव हैं। वर्तमान में यदि किसी भी वन्यजीव की यदि मृत्यु प्राकृतिक तौर पर या हादसों में होती है तो पोस्टमार्टम करने के बाद उसे जला दिया जाता है क्योंकि टैक्सिडर्मी सेंटर की सुविधा नहीं है। अगले महीने से ऐसा नहीं होगा। प्रदेश में कहीं भी वन्यजीव की मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम के बाद उसे साइबर सिटी के टैक्सिडर्मी सेंटर में लाया जाएगा। सेंटर में फ्रीजर की सुविधा होगी। फ्रीजर में कई दिनों तक बाडी रखी जा सकेगी। बता दें कि टैक्सिडर्मी सेंटर में जानवरों की खाल उतारकर पहले उसे कीटाणुरहित किया जाता है। फिर कृत्रिम शरीर पर लगाकर स्टफ किया जाता है। अरावली पहाड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित जंगल सफारी पार्क में जागरूकता केंद्र भी बनाया जाएगा। उसमें प्रदेश के वन क्षेत्रों में रहने वाले वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी जाएगी। टैक्सिडर्मी सेंटर में बनाए जाने वाले ढांचों को जागरूकता केंद्र में लगाया जाएगा।


# श्रमिकों को मिलेगी कम से कम 20 हजार मजदूरी? योगी सरकार ने साफ की स्थिति

## गिनाईं मजबूरियां, भ्रामक खबरों का खंडन और मजदूरी की सच्चाई

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में श्रमिकों के उग्र आंदोलन और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही '20 हजार रुपये न्यूनतम वेतन' की खबरों के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। सरकार ने 20,000 न्यूनतम मजदूरी की खबरों को पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। साथ ही, सरकार ने वर्तमान मजदूरी की दरें जारी करते हुए यह भी बताया कि आखिर किन तकनीकी और कानूनी कारणों से अभी राष्ट्रीय स्तर का 'फ्लोर वेज' लागू नहीं हो सका है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानबूझकर यह झूठ फैलाया जा रहा है कि सरकार ने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 20,000 प्रति माह तय कर दिया है। सरकार ने साफ किया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अकुशल श्रमिकों के लिए मासिक वेतन 11,313.65, अर्धकुशल के लिए 12,446 और कुशल श्रमिकों के लिए 13,940.37 अधिसूचित है। सरकार ने इसे गुमराह करने वाली साजिश करार दिया है।

सरकार ने स्पष्ट किया कि न्यूनतम वेतन के निर्धारण में कई कानूनी प्रक्रियाएं बाधा बनी हुई हैं। केंद्र सरकार वर्तमान में नई श्रम संहिताओं के तहत राष्ट्रीय स्तर पर 'फ्लोर वेज' (न्यूनतम आधार रेखा) निर्धारित करने की प्रक्रिया में है। जब तक केंद्र सरकार इसे अंतिम रूप नहीं दे देती, तब तक राज्य अपने स्तर पर व्यापक



बदलाव नहीं कर पा रहे हैं।

बताया कि राज्य सरकार अभी नियोक्ता संगठनों और श्रमिक यूनियनों के साथ विचार-विमर्श के दौर में है। सभी पक्षों के सुझावों का परीक्षण किया जा रहा है ताकि औद्योगिक विकास और श्रमिकों के हितों में संतुलन बना रहे।

सरकार ने बताया कि वेज बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर ही भविष्य में न्यूनतम वेतन की स्थायी दरें तय की जाएंगी, जिसकी प्रक्रिया अगले माह से शुरू होने की संभावना है। सरकार ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में उद्योग जगत वैश्विक और आर्थिक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। उद्योगों के लिए कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई है और निर्यात में कमी आयी है। इसके साथ ही श्रमिकों द्वारा उठाई गई समस्याएं एवं उनकी मांगें भी प्रासंगिक, महत्वपूर्ण एवं विचारणीय हैं। ऐसी परिस्थिति में दोनों उद्योग और श्रमिक के बीच सामंजस्यपूर्ण एवं संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्णय लिया जाना जरूरी है।

हालांकि, नोएडा और गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों में सोमवार को हुए बवाल को देखते हुए सरकार ने एक 'बीच का रास्ता' निकाला है। हाई पावर कमेटी की सिफारिश पर अंतरिम वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। इसके तहत नोएडा और गाजियाबाद के अकुशल श्रमिकों का वेतन बढ़ाकर ?13,690 कर दिया गया है। यह वृद्धि तब तक प्रभावी रहेगी जब तक कि नया वेज बोर्ड अपनी अंतिम रिपोर्ट नहीं दे देता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़े शब्दों में कहा है कि आंदोलन की आड़ में तोड़फोड़ और आगजनी करने वाले 'बाहरी और अराजक तत्वों' को चिन्हित किया जा रहा है। उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, उन्होंने नियोक्ताओं को भी चेतावनी दी कि वे ओवरटाइम भुगतान और महिला सुरक्षा जैसे नियमों में कोताही न बरतें।

## फरीदाबाद नागरिक अस्पताल में व्यवस्था गड़बड़

# बीपीएल मरीजों को नहीं मिल रहा सीटी स्कैन-एमआरआई

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में पब्लिक प्राइवेट




पार्टनरशिप नीति (पीपीपी) के तहत चल रहे सेंटर में ओपीडी में आने वाले बीपीएल कार्डधारक मरीजों को सीटी स्कैन व एमआरआइ की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में पात्र होने के बाद भी आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निराश ही लौटना पड़ रहा है। या फिर निजी संस्थानों में टेस्ट कराने को मजबूर हैं। जबकि प्रदेश सरकार की ओरसे नागरिक अस्पताल में लगभग 10 वर्ष पहले पीपीपी के तहत सेंटर शुरू किया गया था,ताकि नागरिक अस्पताल में कम शुल्क पर आम मरीजों को यह सुविधा मिल सके और बीपीएल को निश्शुल्क मिले। हैरानी की बात है कि इस सुविधा का लाभ लेने को कई बिचौलिये भी सक्रिय हो गए और उन लोगों का टेस्ट कराने लगे, जो हकदार भी नहीं हैं। पहले अस्पताल प्रबंधन के सत्यापन के बाद ही बीपीएल कार्डधारक का टेस्ट हो पाता था। सत्यापन अब भी होगा, मगर डे केयर फाइल बनाई जाएगी। इस मामले में गड़बड़ीकी शिकायत के चलते ही अब स्वास्थ्य महानिदेशक डा. मनीष बंसल के आदेश पर ओपीडी के डाक्टर की सलाह पर बीपीएल कार्डधारक के टेस्ट नहीं हो रहे हैं। डीजी के आदेश अनुसार मरीज की डे केयर फाइल बनाई जानी अनिवार्य की गई है।

डॉक्टर सभी मरीजों की फाइल नहीं बना रहे हैं। बहुत से डॉक्टरों को डीजी के आदेश के बारे में पूरी जानकारी ही नहीं है। ऐसे में कई बीपीएल कार्डधारकों को टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पा रही है और वी निराश लौट रहे हैं। डीजी के आदेश से पहले ओपीडी पंजीकरण कार्ड पर ही सीटी स्कैन व एमआरआइ कर दिया जाता था। गौछी गांव निवासी मनीषा बीपीएल कार्डधारक हैं। उनकी बेटी नेहा के पेट में दर्द है। उल्टी भी हो रही है। नागरिक अस्पताल में आने पर डाक्टर ने पेट का सीटी स्कैन करवाले की सलाह दी तो वह सेंटर में आ गए। मनीषा ने बताया कि सेंटर में उनकी बेटी का सीटी स्कैन नहीं हो पाया।

# आरएसएस प्रमुख बोले- संकट में दुनिया को राह दिखाता है भारत, संतों का ज्ञान दे रहा दिशा

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर में आयोजित 'श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणेश्वर प्रतिष्ठा महोत्सव' के दौरान भागवत ने कहा, भौतिकवाद और उपभोक्तावाद की आंधियों ने दुनिया की कई सभ्यताओं को कमजोर कर दिया, लेकिन भारत अपनी मूल पहचान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। उनके अनुसार, यह स्थिरता भारत की आध्यात्मिक चेतना का परिणाम है। उन्होंने प्राचीन सभ्यताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रीस, मिस्र और रोम जैसी सभ्यताएं इतिहास में विलीन हो गईं, जबकि भारत आज भी अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मौजूद है। इसका कारण संतों और ऋषियों द्वारा दी गई ज्ञान परंपरा है, जो समाज को निरंतर दिशा देती रही है।



भागवत ने समाज में संतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके विचारों को जीवन में अपनाने से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को समझें और अपने आचरण में उतारें। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक भारत अपनी मूल भावना के साथ कायम रहेगा, तब तक विश्व में संतुलन और शांति बनी रहेगी। भागवत ने कहा, समाज को आकार देने में संतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंदू समाज, हमारे राष्ट्र का समाज, धीरे-धीरे खुद को ढालने और रूपांतरित करने की अनूठी क्षमता रखता है। यह इसलिए है क्योंकि हमारे देश के संत, ऋषि और तपस्वी निरंतर हमारे समाज को आकार दे रहे हैं और तैयार कर रहे हैं। बाहरी दुनिया भौतिकवाद, संकीर्णतावाद और उपभोक्तावाद के तूफान से घिरी हुई है, ये वे शक्तियां हैं जिन्होंने अन्य समाजों के विघटन का कारण बनी हैं। फिर भी, हमारे लिए, वह लहर बस हम पर से गुजर जाती है। हम अपने मूल स्वरूप में अडिग और अपरिवर्तित रहते हैं। यह लचीलापन आध्यात्मिक ज्ञान का फल है। यह हमारे संतों द्वारा हम पर प्रदत्त कृपा है।

# मोदी और ममता बनर्जी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं: ओवैसी

## 40 हजार मुसलमानों को दिए नोटिस- ओवैसी

**कोलकाता, एजेंसी।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। मुर्शिदाबाद जिले की रघुनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह आरोप लगाया। ओवैसी ने कहा, 'जब एक वीडियो सामने आया तो मैंने घोषणा की कि मजलिस बंगाल के मुसलमानों के हितों से समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी। बताइए कि क्या ममता बनर्जी ने भाजपा का साथ नहीं दिया? पीएम मोदी और ममता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पीएम मोदी और ममता भाई-बहन जैसे हैं। ममता ने दावा किया था कि वे बंगाल में वक्फ एक्ट लागू नहीं करेंगी, लेकिन उन्होंने सिर्फ आपके वोट हासिल करने के लिए झूठ बोला।'



यह आरोप तब आया जब टीएमसी ने एक्स पर एक स्टिंग वीडियो पोस्ट किया, जिसमें छ्रुक्कप्रमुख हुमायूं कबीर 1000 करोड़ रुपये के सौदे की बात करते दिख रहे हैं। एआईएमआईएम ने कहा कि इससे मुसलमानों की ईमानदारी पर सवाल उठे हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल में मुसलमानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए दावा किया कि समुदाय के साथ गंभीर अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा, 'बंगाल के मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय पर गंभीर अन्याय किया गया है। लोग आपसे सेकुलरिज्म के साथ खड़े रहने को कहते हैं।' असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'क्या यह सच नहीं है कि जब पंडित जवाहरलाल नेहरू इस देश के प्रधानमंत्री थे, तब इसी बंगाल से लगभग 40,000 मुसलमानों को नोटिस दिए गए या उन्हें यहां से निर्वासित कर दिया गया था?' ओवैसी ने बीड़ी रोलने वाली महिलाओं के लिए न्यूनतम मजदूरी नीति लागू करने का वादा भी किया। उन्होंने कहा, 'बीड़ी रोलकर अपनी आजीविका चलाने वाली हमारी माताओं और बहनों के लिए न्यूनतम मजदूरी नीति लागू की जाएगी।' एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि पिछले साल कलकत्ता हाईकोर्ट ने 5 लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए थे। उनमें से 3,50,000 प्रमाणपत्र मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के थे। पश्चिम बंगाल में जो भी विकास हो रहा है, वह सिर्फ कोलकाता की ओर केंद्रित है।

# अंबेडकर जयंती: सीएम योगी, केशव प्रसाद, ब्रजेश पाठक, पंकज चौधरी ने किया बाबासाहेब को नमन

**लखनऊ , एजेंसी।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित दी। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है। नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के संवैधानिक आदर्श ही देश को समानता, न्याय और सशक्त समाज की दिशा देते हैं।

सभी नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर समतामूलक और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि समता, न्याय और बंधुत्व के उच्च आदर्शों से आलोकित, समरस एवं समावेशी समाज की आधारशिला रखने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। अंत्योदय और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में माँ भारती के अमूल्य रत्न हैं। उनका प्रेरक जीवन हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेगा।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने लिखा कि भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर सादर नमन। वंचितों एवं उपेक्षितों के अधिकारों की आवाज बनकर बाबा साहेब ने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की मजबूत नींव रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि सामाजिक न्याय के



अग्रदूत, संविधान शिल्पी 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने शिक्षा को परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाकर वंचितों, श्रमिकों और किसानों को अधिकार दिलाते हुए समता, न्याय और मानव गरिमा की अटूट आधारशिला रखी। उनका संघर्षमय जीवन आज भी कर्तव्य, समर्पण और राष्ट्रसेवा का मार्ग आलोकित करता है।

# द्वारका एक्सप्रेसवे पर लंबे चक्कर का झंझट खत्म, बिजवासन टोल पर यूटर्न अंडरपास दिलाएगा ट्रैफिक जाम से मुक्ति

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर बढ़ती यातायात समस्याओं और दुर्घटना जोखिम को देखते हुए बिजवासन टोल प्लाजा के पास यू-टर्न अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसके लिए सर्वे पूरा कर लिया है जिसमें करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई गई है। जमीन उपलब्ध होते ही प्रोजेक्ट का एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। दरअसल टोल प्लाजा के आसपास यूटर्न की सुविधा नहीं होने से वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। कई बार चालक टोल से बचने या रास्ता छोटा करने के लिए गलत दिशा में वाहन मोड़ देते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए की ओर से लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही थी।

28 जनवरी को एनएचएआई अध्यक्ष संतोष यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई थी। बैठक में जीएमडीए, नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी यू-टर्न के अभाव से हो रही दिक्कतों को रखा। इसके बाद एनएचएआई ने सर्वे कराने के निर्देश दिए थे। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार दो लेन के यू-टर्न अंडरपास के लिए करीब पौने सात एकड़ जमीन जीएमडीए की और लगभग पौने दो एकड़ जमीन निजी बिल्डरों की लगेगी। सरकारी जमीन को जीएमडीए के माध्यम से उपलब्ध कराने और निजी जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाने की योजना है। सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि यू-टर्न न होने से यात्रियों का समय और ईंधन दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं। टोल प्लाजा के आसपास ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है और अचानक लेन बदलने या गलत दिशा में चलने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस सुविधा के अभाव का असर सेक्टर-106 से 115 तक के इलाकों के अलावा साईं कुंज, बजघेड़ा, पालम विहार, न्यू पालम विहार, चंदन विहार, उपवन सोसायटी, साहिब कुंज, निहाल कालोनी, चौमा और आसपास की कॉलोनियों पर पड़ रहा है।

# कुंभ की 'वायरल गर्ल' मोनालिसा के पति को हाईकोर्ट से राहत

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने 'कुंभ मेला फेम' मोनालिसा भोसले के पति मोहम्मद फरमान खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत प्रदान की है। यह राहत उस अपहरण के मामले में दी गई है, जो कथित तौर पर मोनालिसा के पिता द्वारा मध्य प्रदेश में दर्ज कराया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मोनालिसा नाबालिग हैं और फरमान ने उनका अपहरण किया है। इस बीच वामपंथी नेताओं ने खुलकर मोनालिसा का समर्थन किया है साथ ही भाजपा पर भी निशाना साधा है। आइए पूरा मामला समझते हैं।

पिछले महीने केरल हाईकोर्ट में दायर अपनी संयुक्त याचिका में, इस जोड़े ने स्पष्ट किया कि मोनालिसा इस साल (2026) जनवरी में 18 साल की हो गई थी। उसका कहना है कि मार्च में जब उसने फरमान से शादी की, तब वह पूरी तरह से बालिग थी। इसी आधार पर, जोड़े ने अपनी शादी को लेकर दर्ज हो सकने वाले किसी भी मामले में अग्रिम जमानत

## खुलकर समर्थन में उतरे वामपंथी नेता

की मांग की थी। उन्हें इस बात का डर था कि मध्य प्रदेश में दर्ज कथित अपहरण के मामले में पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। जस्टिस कौसर एडप्पागथ ने 23 मार्च को याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने दस्तावेजों का संज्ञान लेते हुए कहा कि यह साबित




करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि दोनों ने शादी की है और अब वे पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा- दस्तावेज से पता चलता है कि आवेदकों ने 11 मार्च 2026 को शादी की है। इन परिस्थितियों को देखते हुए, अगली सुनवाई तक आवेदकों को गिरफ्तार न करने का आदेश दिया जाता है।

8 अप्रैल को हुई सुनवाई में अदालत ने गिरफ्तारी से मिली इस सुरक्षा को 20 मई तक के लिए बढ़ा दिया है। 20 मई को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। अदालत ने यह कदम वरिष्ठ लोक अभियोजक के उस बयान के बाद उठाया, जिसमें उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से अभी तक इस मामले में कोई जवाब या रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

केरल विवाह पंजीकरण (सामान्य) नियम, 2008 के तहत जारी उनका विवाह प्रमाण पत्र। मोनालिसा के 18 वर्ष का होने का प्रमाण देने के लिए उनका जन्म प्रमाण पत्र मोनालिसा का आधार कार्ड।

याचिका में एक महत्वपूर्ण बात यह भी कही गई है कि मोनालिसा के परिवार ने शुरुआत में इस शादी के लिए अपनी सहमति दे दी थी, लेकिन बाद में परिवार के ही एक रिश्तेदार के प्रभाव में आकर उन्होंने इस शादी का विरोध करना शुरू कर दिया।

### मोनालिसा भोसले कौन है और कैसे शुरू हुआ विवाद?

मोनालिसा भोसले पिछले साल (2025) कुंभ मेले के दौरान चर्चा में आई थी। मेले में मनके बेचते हुए उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसके बाद अपनी सादगी और आकर्षक व्यक्तित्व के कारण वह रातों-रात मशहूर हो गई थी। इस जोड़े के अनुसार, उनकी मुलाकात एक मलयालम फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। दोनों के बीच प्यार हुआ और 11 मार्च को उन्होंने केरल में शादी कर ली। मीडिया में इस शादी की काफी चर्चा हुई थी। उनके इस अंतर-धार्मिक विवाह ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। कुछ वर्गों और मोनालिसा के पिता ने दावा किया कि मोनालिसा की उम्र अभी केवल 16 वर्ष है और इसलिए वह कानूनी तौर पर शादी करने के योग्य नहीं हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी कथित तौर पर जांच शुरू कर दी है। इस बात को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं कि क्या यह शादी अवैध है और क्या इस मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप लगाए जा सकते हैं। गिरफ्तारी की आशंका के बीच केरल हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले इस जोड़े ने अपनी उम्र और शादी को वैध साबित करने के लिए कई अहम दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## पश्चिम एशिया युद्ध से पूरी दुनिया पर खाद्य संकट का खतरा मंडराया

युद्ध के असर के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने जिस तरह आगाह किया है, इससे समझा जा सकता है कि पूरी दुनिया पर खाद्य संकट मंडरा रहा है। युद्ध के दौरान होर्मुज जलमार्ग बंद होने से उर्वरकों की आपूर्ति में जो बाधा आई है, इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ेगा।ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के नतीजे दिखने लगे हैं। ऊर्जा संकट गहराने के साथ पूरी दुनिया अब इसके व्यापक परिणामों से निपटने की तैयारी कर रही है। होर्मुज जलमार्ग से ईंधन आपूर्ति की जो श्रृंखला टूटी है, वह कब नियमित होगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। मगर इससे कई देशों के सामने चौतरफा संकट जरूर पैदा हो गया है। वैश्विक स्तर पर ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ने लगी है। मुश्किल भरे इस दौर में विश्व बैंक, मुद्रा कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) ने सचेत किया है कि पश्चिम एशिया के वैश्विक ऊर्जा बाजारों में युद्ध ने जो व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर व्यापक असर पड़ेगा।इन तीनों संस्थाओं के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक बोझ दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। हालांकि इन संगठनों का कहना है कि वे संभावित स्थितियों पर निगाह रखेंगे और संकट से प्रभावित लोगों की मदद के लिए उपलब्ध संसाधनों का समन्वय करेंगे। मगर सवाल है कि इस विकट दौर में करोड़ों लोगों तक कैसे और किस हद तक मदद पहुंचेगी?युद्ध के असर के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने जिस तरह आगाह किया है, इससे समझा जा सकता है कि पूरी दुनिया पर खाद्य संकट मंडरा रहा है। युद्ध के दौरान होर्मुज जलमार्ग बंद होने से उर्वरकों की आपूर्ति में जो बाधा आई है, इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ेगा।नतीजा यह होगा कि कम और महंगा यूरिया मिलने से खेती की लागत बढ़ेगी। दूसरी ओर, आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल के दाम तेजी से बढ़ेंगे, तो माल की ढुलाई भी महंगी होगी। ऐसे में महंगाई को संभालना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था का जो नुकसान हुआ है।

## युद्धविराम या नई जंग की शुरुआत?

सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इजराइली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है।पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इजराइल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए।विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं, उससे पहले ही हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई थी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है।निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है! इजराइल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। जिन देशों के पास इसके विकल्प थे, वहां के हालात अपेक्षया नियंत्रण में रहे, लेकिन भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी।

*कई बार ऐसे संक्षिप्त वीडियो के पार्श्व की आवाजें भौंडी और चिढ़ पैदा करने वाली होती हैं। मगर ऐसा लगता है कि लोग इसे लेकर एक प्रकार की दुविधा में रहते हैं या फिर सहज हो रहे हैं। मसलन, जिस व्यक्ति को पड़ोस की रसोई से बर्तनों की खटपट की आवाज परेशान कर रही हो सकती है, वह सो नहीं पाता होगा, वही मोबाइल में चल रही रील की पृष्ठभूमि में अजीब-सी हंसी और ठहाकों तथा अन्य आवाजों को लेकर सहज रह सकता है।*

## 'रील सच, रियल भ्रम'- घटता धैर्य और सिमटता वक्त, नए दौर में बदलती जिंदगी

(राकेश सोहम्)

डिजिटल मीडिया तक आसान पहुंच के कारण, किशोर और युवा इस प्रकार की लत का शिकार हो रहे हैं। मौजूदा दौर में अगर लोगों की व्यस्तता पर गौर किया जाए, तो ऐसा लगता है कि ज्यादातर आबादी काम के बोझ से दब चुकी है और हर वक्त किसी बहुत जरूरी काम को पूरा करने में लगी हुई है। सच यह है कि व्यस्त दिखती यह आबादी अपने मोबाइल में और उसके भीतर सोशल मीडिया पर फैले रील के जंजाल में खोई लगती है। उठते-बैठते, चलते-फिरते, यहां तक कि जरूरी विमर्श और बैठकों में भी आदमी बेमतलब ही स्मार्टफोन की स्क्रीन में गुम दिखता है, रील में डूबता-उतराता रहता है। हालत यह है कि रील को लेकर ज्यादा संवेदनशील लोग दाह-संस्कार जैसे अवसरों पर भी रील पर अंगुलियां चलाते रहते हैं। मानो घटनाओं का रील में होना जरूरी हो गया है। व्यक्ति की छोटी से छोटी निजी घटनाएं भी सोशल मीडिया पर डाल दी जाती हैं। घर के दरवाजे से बाहर निकलते हुए फिसल जाने की निजी घटनाओं के भी वीडियो बनाए जाते हैं। दरअसल, रील बनाना प्रसिद्धि बटोर लेने का साधन बन गया है। बल्कि इसके लिए घटनाएं बनाई जा रही हैं। फिल्मों की कतरनें डाली जा रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए दुनिया पर छा जाने का चलन नया नहीं है। रुपहले पर्दे के कलाकार रील की बदौलत दुनिया को आकर्षित करते रहे हैं। एक जमाना था, जब सिनेमा ही मनोरंजन के साधन हुआ करते थे। फिल्म कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा उसकी रील की लंबाई से लगाया जाता था। दर्शक सिनेमाघरों में टिकट खरीदते हुए पूछते थे कि यह फिल्म कितनी रील की है! जवाब में अगर सोलह रील सुनाई देता, तो लोग खुश हो जाते। अपने जमाने की सुपर हिट फिल्म 'शोले' तेईस रील की थी और उसकी कुल अवधि दो सौ चार मिनट थी। दर्शक तीन घंटे चौबीस मिनट सिनेमाघरों में सांस साधे बैठा रहता था। हर इंसान के पास समय की कमी का रोना रो रहा है अब हर व्यक्ति समय की भारी कमी बताता दिखता है। इसलिए एक से डेढ़ घंटे की फिल्में चलन में आ गई हैं। समय के साथ धैर्य भी घटा है। वह धैर्य मात्र तीस सेकंड की रील में सिमटता प्रतीत हो रहा है। एक रील समाप्त हुई नहीं कि लोग अगली रील पर बढ़ जाते हैं। अब हालत यह है कि उकसाने वाली रील का एक नया शगल शुरू हो गया है। इनके लिए निजता को भुनाया जा रहा है। एक ओर ऐसी गतिविधियों में लिप्त होने वालों की भरमार है और दूसरी ओर इनमें खोए लोगों की भी भीड़ है, जो निजी बेचैनी में चैन तलाशने का यत्न संजोती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आने से रील की लोकप्रियता में भारी इजाफा हुआ है। स्थिर छाया चित्रों का रील में समावेशीकरण चलन में आ गया है। लेखक और रचनाकार अपनी रचनाओं की कतरनें और छाया चित्र ऐसे छोटे वीडियो में डालते हैं, ताकि रील दर रील सरकाने की दौड़ में स्थिर छाया चित्रों को एक झलक का स्थान मिल सके। स्थिर छाया चित्रों के पीछे आवाजें डालकर आकर्षक और सुनने लायक बनाया जाता है। कई बार ऐसे संक्षिप्त वीडियो के पार्श्व की आवाजें भौंडी और चिढ़ पैदा करने वाली होती हैं। मगर ऐसा लगता है कि लोग इसे लेकर एक प्रकार की दुविधा में रहते हैं या फिर सहज हो रहे हैं। मसलन, जिस व्यक्ति को पड़ोस की रसोई से बर्तनों की खटपट की आवाज परेशान कर रही हो सकती है, वह सो नहीं पाता होगा, वही मोबाइल में चल रही रील की पृष्ठभूमि में अजीब-सी हंसी और ठहाकों तथा अन्य आवाजों को लेकर सहज रह सकता है। जबकि यह ध्यान रखने की जरूरत है कि भले ही ऐसी रीलें लोगों के लिए मनोरंजन के साधन हैं, पर आसपास के लोग इनसे परेशान रहते हैं। इस प्रवृत्ति के बढ़ते जाने की लत अब विचित्र दिखने लगी है। इस लत के जुनून में डूबा कोई व्यक्ति किसी दुर्घटना के दौरान अगर बच जाता है, तो वह वीडियो बनाने में मशगूल दिख सकता है। बात यहां तक जा पहुंची है कि घायल अवस्था में भी कुछ लोग ऐसे संक्षिप्त वीडियो को सोशल मीडिया पर डालते हैं और 'लाइक' और 'कमेंट' की बदौलत अपने साथ हुई दुर्घटना पर सहानुभूति जुटाने की कोशिश करते हैं। ऐसे कुछ लोग कराहते दिख सकते हैं और अपने कष्ट और मुसीबत को लेकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। इसके अलावा, आए दिन रील बनाने और देखने वाले लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। वहीं एआइ के विस्तार के साथ लोग अब दुनिया की तबाही के रील भी बनाने लगे हैं। एआइ की मदद से आकाश से गिरती विशाल चट्टानें, चट्टानी ओलों की वर्षा से टूटते घर, तबाह होती सड़कें और तूफानों के भय से भागते लोग रील में दिखाए जा रहे हैं। तबाही के ऐसे वीडियो के बीच अजब-गजब-सी रीलों का दौर भी चल पड़ा है। आसमान से नोटों या जानवरों की वर्षा होती दिखाई देती है। ऐसे वीडियो से असल और नकल की पहचान गुम हो रही है। कुल मिलाकर इस लत का जुनून लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। जमीनी स्तर पर इससे जुड़े कई अनुभव भयावह होते जा रहे हैं। लोग 'रियल' यानी वास्तविकता पर नहीं, 'रील' यानी आभासी पर भरोसा करने लगे हैं। 'रील सच है और रियल भ्रम' का भाव पनप रहा है! अब दुर्घटनाओं का दर्द महसूस नहीं होता। चौंक जाने का सुख गायब हो रहा है। रील का आभासी चित्रण, हकीकत के भाव को भंग कर रहा है, जिससे लोगों की तासीर बिगड़ रही है।

## बीता हुआ कल और आने वाला कल - दोनों भ्रम हैं

मनुष्य का मन एक अजीब यात्री है। वह कभी वर्तमान में नहीं रहता। या तो वह बीते हुए कल की गलियों में भटकता रहता है या आने वाले कल की कल्पनाओं में उलझा रहता है। और इस भटकन में वह एकमात्र सच्चाई यानी इस क्षण को चूकता रहता है। जरा देखिए अपने किसी भी साधारण दिन को। सुबह उठते ही मन कहां जाता है? कल की किसी बात पर अफसोस या कल की किसी चिंता पर। चाय पीते हुए भी हम वहां नहीं होते जहां हम हैं। हम या तो पछतावे में हैं या प्रतीक्षा में। और यही दो अवस्थाएं मिलकर पूरा जीवन खा जाती हैं। बीता हुआ कल क्या है? केवल स्मृति। मन की एक परत जिसे हम बार-बार उठाकर देखते हैं, जैसे कोई पुराना घाव। वह घटना जो हुई, वह जा चुकी। वह व्यक्ति जिसने आहत किया, वह क्षण भी जा चुका। जो बचा है वह केवल उसकी छाया है ङ्क और उस छाया को हम अपनी छाती से लगाए घूमते हैं। यह पीड़ा स्वयं घटना से नहीं आती। यह पीड़ा उस घटना को बार-बार जीने से आती है। और आने वाला कल? वह तो अभी है ही नहीं। वह एक संभावना है, एक विचार है। हम उस अनिश्चित भविष्य की चिंता में इतनी ऊर्जा खर्च कर देते हैं कि जब वह कल आता है, तब तक हम थके हुए होते हैं। और फिर वह कल भी आज बनकर निकल जाता है ङ्क बिना जिया हुआ। बुद्ध ने कहा था कि अतीत जा चुका है, भविष्य आया नहीं। केवल यह क्षण है। और यह क्षण सदा से है।

## प्रोडक्शन से प्रॉस्पेरिटी- बदलती कृषि, बदलता उत्तर प्रदेश

(प्रणय विक्रम सिंह)

उत्तर प्रदेश की धरती पर उगता हर दाना केवल अन्न नहीं, बल्कि उस भारत की धड़कन है जिसे वर्षों तक नीतिगत नासमझी और व्यवस्थागत विकृतियों ने जकड़ रखा था। लखनऊ में आयोजित छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट शब्दों में उस जड़ता पर प्रहार किया, जिसने कृषि को केवल 'उत्पादन' तक सीमित कर दिया था। उन्होंने साफ कहा कि अब कृषि को प्रोडक्शन से प्रोडक्टिविटी, प्रोडक्टिविटी से प्रॉफिटेबिलिटी और प्रॉफिटेबिलिटी से प्रॉस्पेरिटी तक ले जाना होगा। यह कोई भाषण नहीं, बल्कि उस सोच के विरुद्ध उद्घोष है जिसने किसान को केवल 'उत्पादक' बनाकर छोड़ दिया था, साझेदार नहीं। उत्तर प्रदेश का यथार्थ स्वयं इस परिवर्तन का साक्ष्य है। देश की 16-17 प्रतिशत आबादी और मात्र 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि, फिर भी 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन। यह केवल परिश्रम का परिणाम नहीं, बल्कि उस राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है जिसने पहली बार किसान को केंद्र में रखा। कृषि विकास दर का 8 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक पहुंचना इस बात का संकेत है कि जब नीति नीयत से जुड़ती है, तो परिणाम इतिहास बदलते हैं और जब नीति केवल घोषणा बनती है, तो किसान कर्जदार बनता है। भारत की प्राचीन आर्थिक शक्ति का आधार कृषि था, जब किसान उत्पादक भी था और उद्यमी भी। लेकिन दशकों की अव्यवस्था ने उसे कच्चा माल देने वाला बना दिया।यही वह दौर था जब खेतों में अन्न उगता रहा, पर किसान के घर में अभाव पनपता रहा। आज योगी सरकार उस विसंगति को चुनौती दे रही है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और सैटेलाइट जैसी आधुनिक तकनीकें कृषि को अनुमान से विज्ञान की ओर ले जा रही हैं। अब खेत किस्मत से नहीं, आंकड़ों से चलते हैं और किसान परिस्थितियों से नहीं, तकनीक से निर्णय लेता है। यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं, मानसिकता का परिवर्तन है, जहां किसान अब केवल परिश्रमकर्ता नहीं, बल्कि प्रयोगकर्ता और निर्णायक बन चुका है। डिजिटल क्रांति ने उस बिचौलिया तंत्र पर सीधा प्रहार किया है, जिसने वर्षों तक किसान की कमाई पर कब्जा बनाए रखा। 'वन नेशन-वन मंडी', मंडी शुल्क में कमी और डिजिटल सॉयल हेल्थ कार्ड, ये केवल योजनाएं नहीं, बल्कि उस शोषणकारी संरचना को तोड़ने के औज़ार हैं, जिसने किसान को बाजार से दूर रखा। 'लैब टू लैंड' से 'लैंड इज लैब' तक का सफर यह घोषित करता है कि अब खेत ही प्रयोगशाला है और किसान ही वैज्ञानिक। गन्ना क्षेत्र इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। जो भुगतान वर्षों तक अटका रहता था, वह आज 6-7 दिनों में हो रहा है। 122 में से 107 मिलों का समयबद्ध भुगतान केवल प्रशासनिक दक्षता नहीं, बल्कि जवाबदेही का प्रमाण है। 55 प्रतिशत गन्ना उत्पादन, एथेनॉल में अग्रणी स्थान और ?3.15 लाख करोड़ से अधिक का डीबीटी भुगतान, ये आंकड़े नहीं, उस विश्वास की वापसी हैं जो वर्षों तक टूटा रहा। वर्ष 2017 से पहले व्याप्त अव्यवस्था, अविश्वास और बिचौलियों का बोलबाला, आज पारदर्शिता, तकनीक और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण में बदल चुकी है। तब किसान लाइन में खड़ा था, आज प्रणाली उसके दरवाजे पर खड़ी है। तब फसल बिकती थी, पर लाभ नहीं मिलता था, आज उत्पादन के साथ सम्मान भी मिल रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 6062



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचना हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मंयक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

### वर्ग पहेली 6061 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | ड्डी |
| ति | ल | क | | ना | | ज | |
| | क | बे | ल | | बे | गा | ना |
| आ | | ल | ह | जा | | री | वा |
| ला | भ | | र | ज | र | | कि |
| प | र | दा | दा | | खि | ला | क |
| | पा | | र | | या | म | |
| र | ई | स | | भू | | | |

## आज का राशिफल

### मेष

आपकी मेहनत और व्यवहार ही आपको आगे ले जाएगा. चंद्रदेव आपके काम के घर में बैठे हैं, इसलिए आपका पूरा ध्यान करियर को चमकाने पर होगा. शुक्रदेव की वजह से आप मुश्किल काम भी बड़ी चतुराई से निकाल लेंगे. नौकरी में जो भी बात हो, उसे लिखकर रखें ताकि बाद में कोई दिक्कत न हो. पार्टनर के साथ आज शोर-शराबे के बजाय सुकून से समय बिताना अच्छा लगेगा।

### वृष

आप जोश और होश दोनों का मेल महसूस करेंगे. आपके राशि स्वामी मंगलदेव मीन राशि में बैठे हैं, इसलिए कभी आप बहुत एक्टिव रहेंगे तो कभी मन करेगा कि शांत रहें. शुक्रदेव आपकी राशि में हैं, जिससे लोग आपकी तरफ खिंचे चले आएंगे. ध्यान रहे, गुस्से या जज्बात में आकर कोई गलत फैसला न लें. पैसों के मामले में कहीं से अचानक अच्छी खबर मिल सकती है।

### मिथुन

आपका बातचीत का तरीका लोगों को आपका दीवाना बना देगा. चंद्रदेव आपके संवाद के घर में हैं, इसलिए कोई भी जरूरी बात आज ही निपटा लें. बृहस्पतिदेव आपको पार्टनरशिप में फायदा करा सकते हैं. घर या जमीन-जायदाद के काम में थोड़ी रुकावट आ सकती है, कागजात संभलकर रखें।

### तुला

दिन मेल-जोल बढ़ाने और रिश्तों को सुधारने का है. चंद्रदेव और राहु की वजह से पार्टनरशिप में कुछ नए मोड़ आ सकते हैं. आपके राशि स्वामी सूर्यदेव थोड़े एकांत में बैठे हैं, इसलिए आज आपको भीड़भाड़ से ज्यादा शांति पसंद आएगी. पैसों के लेन-देन में बहुत सावधानी बरतें, कोई आपको बातों में फंसा सकता है।

### वृश्चिक

अपनी सेहत और काम करने के तरीके पर ध्यान देना बहुत जरूरी है. आपके राशि स्वामी बुधदेव थोड़े भारी हैं, इसलिए आज किसी से बेकार की बहस न करें. ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है, लेकिन आपकी बारीकी सबको पसंद आएगी. पार्टनर के साथ छोटी-मोटी गलतफहमी हो सकती है, इसे प्यार से सुलझाएं. पैसों के मामले में बजट बनाकर चलें, फालतू खर्च परेशान कर सकते हैं।

### धनु

आपका मन कुछ नया और अलग करने को करेगा. आपके राशि स्वामी बुधदेव थोड़े कमजोर चल रहे हैं, इसलिए बातचीत में सावधानी बरतें वरना बात का बतंगड़ बन सकता है. किस्मत के घर में चंद्रदेव के होने से आपको नए और अच्छे विचार आएंगे. ऑफिस में कागजों को ठीक से चेक करके ही साइन करें. प्यार के मामले में आज लंबी-चौड़ी बातों के बजाय अपने काम से प्यार जताएं।

### कर्क

आज आप बहुत कॉन्फिडेंट महसूस करेंगे. आप पुराने ढर्रे को छोड़कर कुछ नया करने की कोशिश करेंगे. हालांकि, वाणी में थोड़ी कड़वाहट आ सकती है, इसलिए सोच-समझकर बोलें. पैसों के मामले में असुरक्षा महसूस हो सकती है, पर बिना वजह की शॉपिंग न करें. ऑफिस में अपना काम करने का तरीका बदलें, सीनियर्स को पसंद आएगा।

### सिंह

आज का दिन जिम्मेदारी और बदलाव का है. चंद्रदेव आपके बाहर के घर में हैं, जिससे एकांत में रहने का मन होगा. आपकी सहनशक्ति ही आज आपकी सबसे बड़ी जीत होगी. बुधदेव कमजोर हैं, ऑफिस में लोग आपसे सलाह लेने आएंगे, आपकी शांत मौजूदगी ही सबको सुकून देगी. पैसों के मामले में हिसाब-किताब पक्का रखें. सिरदर्द या सुस्ती महसूस हो सकती है।

### कन्या

दिन पैसों की प्लानिंग करने के लिए बहुत बढ़िया है. चंद्रदेव आपके धन भाव में हैं, जिससे आपकी बैंक बैलेंस बढ़ाने की योजना सफल होगी. शनिदेव की वजह से कभी-कभी रास्ता धुंधला लग सकता है, पर हिम्मत न हारें. कमाई का कोई नया जरिया भी मिल सकता है।

### मकर

आप बहुत क्रिएटिव महसूस करेंगे और कुछ नया करने का मन होगा. शुक्रदेव की वजह से आपका चेहरा आज चमक उठेगा और लोग आपकी तारीफ करेंगे. ऑफिस में गॉसिप या दूसरों की बुराई से दूर रहें, वरना आप ही फंस सकते हैं. प्यार-मोहब्बत के लिए आज का दिन बहुत प्यारा है, पार्टनर के साथ कुछ नया ट्राई करें. आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी, बस शॉपिंग पर अचानक खर्च हो सकता है।

### कुंभ

घर की शांति और अपने मन की बात सुनना ही आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा. चंद्रदेव के प्रभाव से परिवार के साथ समय बीतेगा. मंगलदेव आपको कुछ नया और रचनात्मक करने की ताकत दे रहे हैं. पूजा-पाठ या ध्यान में मन लगेगा. प्रेम संबंधों में अपनी बात कहने में जल्दबाजी न करें, पहले सामने वाले की बात सुनें. बच्चों की किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है, पर वह जल्द ही सुलझ जाएगी. ऑफिस में चुपचाप अपना काम करें।

### मीन

आपके मन की आवाज आपको सही रास्ता दिखाएगी. चंद्रदेव के प्रभाव से आप पुरानी बातों को भुलाकर नई शुरुआत करेंगे. आप दूसरों की चालें समझ जाएंगे. ऑफिस में बॉस आपकी मेहनत से खुश रहेंगे. हालांकि, पढ़ाई या सफर की योजना में थोड़ी रुकावट आ सकती है. पैसों के मामले में किसी अनजान की सलाह पर भरोसा न करें. रिश्तों में गहराई आएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# आईपीएल 2026 में 20 में से 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर

## पावरप्ले में रन वर्षा, पांच बार 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 20 मैच हो गए हैं और आंकड़े बताते हैं कि यह अबतक का सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी वाला सीजन रहा है। 200 का आंकड़ा आम हो गया है। 20 मैच में 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना है। इतनी आसानी से 200 रन बनने का कारण ज्यादा छक्के लगने है। आईपीएल 2026 में छक्के लगने की दर 12.24 है। यानी लगभग हर 13 गेंद पर एक छक्का लग रहा है।

बल्लेबाज पावरप्ले का ज्यादा से ज्यादा से फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि 5 बार बल्लेबाज अर्धशतक 20 से कम गेंद पर लगा चुके हैं। आईपीएल में पहली बार 20 मैचों के बाद रन रेट 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया है। इससे पहले किसी सीजन में 20 मैच के बाद सबसे ज्यादा रन रेट 2025 में 9.52 था। रनरेट में इजाफे का कारण पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी हैं।





- **अंत के ओवरों में रनरेट गिरा-** मिडिल-ओवर का रन रेट भी बढ़ा है, लेकिन 14 प्रतिशत से थोड़ा कम। अंत के ओवरों में रनरेट गिरा है। यह 10 रन प्रति ओवर से थोड़ा ज्यादा है। पिछले चार सालों में डेथ ओवर और पावरप्ले के बीच रन रेट में अंतर कम से कम दो रन प्रति ओवर था। इस साल यह घटकर आधा रन प्रति ओवर रह गया है। 2022 में डेथ ओवर्स में रन रेट 11.57 था। 2026 में यह 10.44 है। 2024 में 11.54, 2023 में 11.2 और 2025 में 11.39 था।
- **200 से ज्यादा का स्कोर 5 बार हासिल-** बल्लेबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कितनी आसानी से 200 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल किया गया है। पिछले साल पहले 20 मैच में 11 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना था। इस बार 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना है। पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 18 पारी में 11 बार इसे हासिल किया है। इससे भी ज्यादा खास बात यह है कि बाद में बैटिंग करने वाली टीमों के लिए लक्ष्य तक पहुंचना काफी नॉर्मल हो गया है।

**10 रन प्रति ओवर**

### आईपीएल इतिहास में पहली बार

आईपीएल 2026 में पहले 20 मैचों के बाद रन रेट 10.00 रन प्रति ओवर तक पहुंचा है। यह किसी भी सीजन में 20 मैच के बाद का अबतक का सर्वोच्च रन रेट है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2025 का था, जब रन रेट 9.52 था। पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह है।

**पांच बार 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक-** आईपीएल 2026 में बल्लेबाज काफी तेजी से अर्धशतक तक पहुंच रहे हैं। अबतक 48 पचासे लगे हैं। पांच अर्धशतक 20 से कम गेंदों पर लग गए हैं।

## भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम घोषित



**डरबन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का एलान किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज टेबोगो मचेके को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जबकि ऑलराउंडर एलिज मारी मार्क्स की टीम में वापसी हुई है। दोनों देश 17 से 27 अप्रैल के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे।

**मचेके को पहली बार मिला मौका**

### सीरीज का कार्यक्रम

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच 17 और 19 अप्रैल को डरबन में खेले जाने हैं। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहानिसबर्ग अगले दो मुकाबलों की मेजबानी करेगा। सीरीज का अंतिम मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को आयोजित होगा। टेबोगो मचेके ने कराबो मेसो की जगह ली है, जो कलाई की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं, एलिज ने तेज गेंदबाज मसाबाता क्लास का स्थान लिया है। इस टीम की कप्तानी एल, वोलवार्ड्ट करेंगी। एनीके बॉश ने घायल डेन वैन नीकेर्क की जगह टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। अनुभवी तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मारिजेन कैप अभी भी टीम के लिए उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वह अपनी बीमारी से उबरने की प्रक्रिया में हैं।

- **भारत के खिलाफ सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम –** एल. वोलवार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्ज, नादिने डि क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, अमांडा हलुबी, सिनालो जाफ्टा, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, टेबोगो माचेके, एलिज-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा, कायला रेनेके, तुमी सेखुखुने और क्लो ट्रायोन।

**फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज राउंड 11**

## वैशाली नें रूस की गोर्याचकिना को हराया, खिताब की और कदम

**साइप्रस (एजेंसी)।** फ़ीडे महिला कैंडिडेट शतरंज से भारत के लिए बड़ी खबर आ रही है, भारत की आर वैशाली नें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आज हुए 11वें राउंड में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना को केल मोहरो से एंडगेम में सटीक खेल से पराजित कर दिया, केल मोहरो से खेल रही वैशाली नें गोर्याचकिना के हाथी को अपनी शातिर चालों से कुछ यूँ फसाया की गोर्याचकिना को अपना हाथी ऊँट के बदले देना पड़ा और फिर वैशाली नें अपने राजा घोड़े और बच्चे हुए हाथी से मिलकर खेल को 45 चालों में अपने नाम कर लिया अब इस जीत से वैशाली 7 अंकों के साथ ना सिर्फ़ सबसे आगे बनी हुई बल्कि उनके पीछे चल रही चीन की जू जिनर और यूक्रेन की अन्ना मुज्यचुक से उनकी बढ़त 1 अंक की हो गई है, जू को आज भारत की आर वैशाली नें ड्रा पर रोक लिया जबकि अन्ना नें रूस की लग्नों कैटरिना से ड्रा खेला, वैशाली को अब बचे हुए तीन राउंड में चीन की जू जिनर, तान झोंगायी और रूस की लग्नों कैटरिना से मुकाबला खेलना है।

# आयरलैंड दौरे पर जाएंगे वैभव सूर्यवंशी?

- **चयनकर्ताओं ने किया शॉर्टलिस्ट, डेब्यू कर तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने विशेषज्ञों की लगातार मांग और आईपीएल 2026 में वैभव के विस्फोटक प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टीम इंडिया में शामिल करने का मन बना लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जून में होने वाले आयरलैंड दौरे के लिए वैभव का नाम शॉर्टलिस्ट किया गया है।

### टूट जाएगा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

अगर वह इस दौरे पर डेब्यू करते हैं तो वह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे और सचिन तेंदुलकर (16 साल की उम्र में डेब्यू) का ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ देंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने मीडिया से बात करते हुए कहा वैभव आयरलैंड दौरे के लिए दौड़ में बने हुए हैं और सेलेक्टर्स ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनके नाम को भी शॉर्टलिस्ट किया है।

### वैभव सूर्यवंशी को आजमाना चाहता है बोर्ड

सेलेक्टर्स की इस योजना से साफ है कि वे इस राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज को इंतजार करो और देखो की नीति के बजाय सीधे सीनियर टीम में फास्ट-ट्रैक करना चाहते हैं। आयरलैंड जैसी तुलनात्मक रूप से कम चुनौतीपूर्ण टीम के खिलाफ मौका देकर बोर्ड वैभव की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परखना चाहता है। वैभव सूर्यवंशी की दावेदारी को आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल का भी पूरा समर्थन मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वैभव की जमकर तारीफ करते हुए लिखा, इस आईपीएल 2026 सीजन में वैभव सूर्यवंशी द्वारा क्या शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला है। अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन को देखते हुए यह विलक्षण बालक निश्चित रूप से भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का हकदार है। इतनी कम उम्र में इतना प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिलना दुर्लभ है।

### आईपीएल से मिली वैभव सूर्यवंशी को पहचान

वैभव का सुर्खियों में आने का सफर आईपीएल 2025 से शुरू हुआ था जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में खरीदा था। उन्होंने अपने डेब्यू मैच की पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को छक्का जड़कर अपने इरादे साफ कर दिए थे। इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 35 गेंदों में शतक जड़कर उन्होंने पूरी दुनिया को अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 80 गेंदों में 175 रनों की ऐतिहासिक पारी ने सेलेक्टर्स को मजबूर कर दिया कि उन्हें अब और इंतजार न कराया जाए।

## आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव, स्थानीय निकाय चुनावों के कारण दो मैचों का वेन्यू बदला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद और गुजरात के अन्य हिस्सों में 26 अप्रैल को होने वाले नगर पालिका चुनावों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के कार्यक्रम में बदलाव किया। नए कार्यक्रम के अनुसार 26 अप्रैल और 21 मई को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच होने वाले मुकाबलों के स्थल बदल दिए गए हैं। टाइटंस और सुपरकिंग्स के बीच पहले 26 अप्रैल को अहमदाबाद में खेला जाने वाला दोपहर का मैच अब चेन्नई के एमए ??चिदंबरम स्टेडियम में होगा। यह दोपहर तीन बजकर 30 मिनट से ही खेला जाएगा। सुपरकिंग्स और टाइटंस के बीच 21 मई को शाम को होने वाला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, अहमदाबाद और गुजरात के दूसरे हिस्सों में 26 अप्रैल 2026 को होने वाले नगर पालिका चुनावों को देखते हुए यह बदलाव जरूरी हो गया है।

# प्रफुल्ल हिंगे ने IPL में रचा इतिहास

- **शोएब अख्तर समेत 8 खिलाड़ियों की बराबरी की**

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी प्लेइंग 11 में प्रफुल्ल हिंगे को शामिल किया। प्रफुल्ल ने अपने डेब्यू मैच में ही फिर वो कमाल कर दिया और आईपीएल इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था। यही नहीं प्रफुल्ल ने शोएब अख्तर समेत 4 खिलाड़ियों की बराबरी भी कर ली।

### प्रफुल्ल ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए

प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान के खिलाफ पारी के पहले ही ओवर में 3 विकेट झटके और आईपीएल इतिहास में बतौर डेब्यूटेंट पहले ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। प्रफुल्ल ने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को आउट कर राजस्थान को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया।

# सचिन का रिकॉर्ड क्लासेन ने तोड़ा

## आईपीएल में पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बैटर हेनरिक क्लासेन आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अर्धशतक से चूक गए, लेकिन अपनी टीम के लिए 26 गेंदों पर 40 रन की अहम पारी खेली और इस दौरान 3 छक्के व एक चौका भी लगाया। क्लासेन ने अपनी इस पारी के दम पर सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**हेनरिक क्लासेन ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड-** क्लासेन ने राजस्थान के खिलाफ 40 रन की पारी खेली और आईपीएल की पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वो छठे नंबर पर आ गए। क्लासेन ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जो 1683 रन के साथ पहले छठे नंबर पर थे, लेकिन अब वो 7वें नंबर पर आ गए। इस लीग में पहले 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं जिन्होंने 2236 रन बनाए थे जबकि दूसरे नंबर पर शॉन मार्श 1933 रन के साथ मौजूद हैं। तीसरे नंबर पर माइक हसी हैं जिन्होंने 1777 रन बनाए थे जबकि चौथे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ 1771 रन बनाए हैं।



### पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

- 2236 रन : क्रिस गेल
- 1933 रन : शॉन मार्श
- 1777 रन : माइक हसी
- 1771 रन : ऋतुराज गायकवाड़
- 1725 रन : शेन वॉटसन
- 1704 रन : हेनरिक क्लासेन
- 1683 रन : सचिन तेंदुलकर



# 8 चौके, 6 छक्के

## इशान किशन ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से ठोके 91 रन

### फिर भी बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान इशान किशन ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और 44 गेंद पर 91 रन ठोके। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और छह छक्के लगाए और 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन ठोके, लेकिन इस मैच में वह शतक से चूक गए। इशान बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 9 रन पीछे रह गए अपने शतक से। उन्होंने इस बेहतरीन पारी के बावजूद हैदराबाद के लिए एक अनचाहे रिकॉर्ड की लिस्ट में एंट्री कर ली है। इशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 90s में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में तीन बार डेविड वॉर्नर और एक बार जॉनी बेयरस्टो का नाम दर्ज है।

# शेन वॉर्न की मौत के चार साल बाद बड़ा खुलासा

- **बेटे का दावा, बोले- कोविड के टीके के कारण हुई महान स्पिनर की मौत**

**सिडनी (एजेंसी)।** शेन वॉर्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन तीन या चार टीकों के कारण हुई थी, जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे।' जैक्सन ने टू वर्ल्ड्स कोलाइड पॉडकास्ट पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी।



# तिलकरत्ने दिलशान ने किए खाटू श्याम के दर्शन

**जयपुर (एजेंसी)।** श्रीलंका के पूर्व दिग्गज ओपनिंग बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान इन दिनों अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए नहीं बल्कि अपनी आत्मिक शांति और आध्यात्मिक यात्रा के लिए चर्चा में हैं। क्रिकेट की चकाचौंध से दूर दिलशान का यह नया अवतार उनके जीवन के एक ऐसे पहलू को उजागर करता है जो आस्था और विश्वास से गहराई तक जुड़ा हुआ है। हाल ही में भारत दौरे पर आए दिलशान ने खेल के मैदान जैसी ही ऊर्जा अब भक्ति के मार्ग पर दिखाई। अपनी इस भारत यात्रा के दौरान दिलशान ने देश के प्रसिद्ध मंदिरों में मत्था टेका। असम के प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर से लेकर राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर तक उनकी यह यात्रा पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। इंस्टाग्राम पर अपनी इन यात्राओं की तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने इसे एक विशेष अनुभव बताया। दिलशान ने स्वीकार किया कि इन पवित्र स्थानों की आध्यात्मिक ऊर्जा ने उन्हें भीतर से शांत कराया है।

**दिलशान ने बदला था अपना धर्म –** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि दिलशान का जन्म एक मुस्लिम परिवार में हुआ था और उनका नाम तुवान मोहम्मद दिलशान था। हालांकि, वयस्क होने पर उन्होंने अपनी स्वेच्छा से बौद्ध धर्म को अपनाया और अपना नाम बदलकर तिलकरत्ने दिलशान कर लिया। तब से वे बौद्ध धर्म के सिद्धांतों और अपनी आस्था के अनुसार ही जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

**शानदार रहा दिलशान का करियर –** तिलकरत्ने दिलशान का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर शानदार रहा है जिसमें उन्होंने तीनों फॉर्मेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी। उन्होंने श्रीलंका के लिए 17000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए।

### कभी अहमद शहजाद के साथ हुआ था विवाद

दिलशान की इस भक्तिमय यात्रा ने एक पुराने विवाद को भी हवा दे दी है जो कभी पाकिस्तानी क्रिकेटर अहमद शहजाद के साथ हुआ था। एक मैच के दौरान शहजाद ने सरेआम दिलशान को धर्म परिवर्तन कर इस्लाम अपनाने की सलाह दी थी जिसे दिलशान ने बेहद मजबूती के साथ ठुकरा दिया था।



## न्यूज बाइट्स

### औरंगाबाद में गैस आपूर्ति सामान्य, प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है और लंबित बुकिंग का भी लगातार निष्पादन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडरों की मांग के विरुद्ध लगभग 6908 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करें और वितरण व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने की सख्त हिदायत भी दी गई है। प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 14 अप्रैल तक जिले में कुल 152 नए पीएनजी कनेक्शन भी लगाए जा चुके हैं, जो गैस सुविधा के विस्तार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06186-295027 सक्रिय है, जहां आमजन अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त 15 शिकायतों में से 14 का समाधान कर दिया गया है, जबकि एक मामला प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

20 अप्रैल तक जागरूकता अभियान, अस्पतालों में मॉक ड्रिल व सुरक्षा अंकेक्षण

# अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत

- लोगों को दी जा रही सुरक्षा की जानकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



निदेशक सह राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिले में 20 अप्रैल 2026 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन व्यापक जन-जागरूकता अभियान के रूप में किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज – अग्नि निवारण के लिए एकजुट" निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक जागरूकता विकसित करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रथम दिन मंगलवार को अग्निशामालय, औरंगाबाद परिसर में शहीद अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी कर्मियों को पिन फ्लैग लगाया गया। इसके उपरांत जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को पिन फ्लैग प्रदान कर शहीद अग्निशमन कर्मियों के योगदान का स्मरण कराया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सदर अस्पताल, औरंगाबाद एवं देव हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल और अग्नि अंकेक्षण किया गया। इसी क्रम में दाउदनगर के अनुमंडल सदर अस्पताल और अरविंद हॉस्पिटल में भी मॉक ड्रिल आयोजित कर सुरक्षा उपायों की जांच की गई। नवीनगर और रफीगंज प्रखंडों के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निकासी योजना तैयार करते हुए व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। अभियान के दौरान आम लोगों के बीच पम्पलेट वितरण कर अग्नि सुरक्षा से जुड़े आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को पिन फ्लैग लगाया गया। जिला प्रशासन की ओर से जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन करें।

यह सप्ताह केवल औपचारिक आयोजन न होकर जन-जीवन में अग्नि सुरक्षा के व्यवहारिक अनुपालन को मजबूत करने का प्रयास है, जिससे भविष्य में आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा 'जय भीम' के नारों से गूंजा शहर

- नीले झंडों के साथ सड़कों पर उतरे लोग, युवाओं ने दिखाया उत्साह; अधिकारियों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर औरंगाबाद शहर में उत्साह और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। पूरे शहर में 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंज उठा और खासकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शोभा यात्रा की शुरुआत गांधी मैदान से हुई, जो धर्मशाला चौक, मस्जिद होते हुए रमेश चौक पहुंची। इसके बाद महाराजगंज रोड होते हुए ओवरब्रिज तक यात्रा निकाली गई और अंततः रमेश चौक पर इसका समापन हुआ। इस दौरान लोग हाथों में नीले झंडे लिए बाबा साहेब के विचारों का प्रचार-प्रसार करते नजर आए, जिससे पूरा शहर अंबेडकरमय हो उठा। यात्रा का नेतृत्व कर रहे भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष करण पासवान ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलें और समाज में समानता की भावना को मजबूत करें। कार्यक्रम में शामिल अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के योगदान को अतुलनीय बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का मूल आधार माना और सामाजिक कुरीतियों व पाखंड के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। इस दौरान युवाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य कर उत्साह का प्रदर्शन किया, जिससे माहौल और अधिक जीवंत हो गया। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन से एक सप्ताह पहले ही शहर के विभिन्न हिस्सों में नीले झंडे लगाए गए थे, जिससे पूरे औरंगाबाद में जयंती की छटा साफ नजर आ रही थी।

समापन के बाद टाउन हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की भी घोषणा की गई, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन, छात्रों ने लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

# विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यालयों में कार्यक्रम शिक्षा, समानता और अनुशासन पर दिया गया जोर

निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)



दाउदनगर। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चारों विद्यालयों में भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह शुक्र बाजार स्थित विद्या निकेतन के प्रोग्राम हॉल में संपन्न हुआ, जहां श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक-वंदन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सरयु प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, राजेश पांडेय, गिरिजा ठाकुर, लालमोहन सिंह, सुमित कुमार सोनी, राजेश पांडे, रमा रानी जैन, सुमन कुमारी, प्रीतिका शाक्या, मनीषा कुमारी, सुहानी कुमारी, अकाउंटेंट रामानुज दुबे, अनिल कुमार, आईटी प्रभारी रिया कुमारी, रौशन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवन और उनके विचारों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्रद्धांजलि स्वरूप मधुर भजन एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आज के समाज के लिए मार्गदर्शक बताया।

निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान के कारण ही देश में अनुशासन, समानता और न्याय की स्थापना संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि संविधान और कानून का पालन ही समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का आधार है। सीईओ आनंद प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनुशासन और नियम-कानून के महत्व पर जोर दिया और उन्हें एक आदर्श विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने समानता और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सच्चाई का मार्ग दिखाती है और समाज में भेदभाव को समाप्त करती है। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने बाबा साहेब की विद्वता का उल्लेख करते हुए बताया कि वे अनेक भाषाओं के ज्ञाता थे और उन्होंने वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने और अपने समय का सदुपयोग करने की सलाह दी।

# औरंगाबाद के गुड्डू कुमार ने लिफ्टिंग में दिखाया दमखम, ईस्टर्न इंडिया चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



औरंगाबाद के युवा खिलाड़ी गुड्डू कुमार ने फोर्थ ईस्टर्न इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंकलाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने 83 किलोग्राम भार वर्ग की जूनियर कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। नवीनगर प्रखंड के अजनिया गांव निवासी गुड्डू कुमार एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, इसके बावजूद उन्होंने सीमित संसाधनों में कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गुड्डू कुमार ने अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि गुड्डू बचपन से ही खेलों के प्रति समर्पित रहे हैं और लगातार मेहनत कर रहे हैं। अब उम्मीद जताई जा रही है कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे। लिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के बाद गुड्डू कुमार क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं और उनसे भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है।

दाउदनगर स्थायी समिति चुनाव

# तीन सीटों पर 11 उम्मीदवार, 16 अप्रैल को होगा मतदान

दाउदनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। दाउदनगर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। 16 अप्रैल को अनुमंडल कार्यालय सभागार में होने वाले इस चुनाव में तीन पदों के लिए कुल 11 संभावित उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनका चयन 27 वार्ड पार्षदों द्वारा किया जाएगा। इस बार का चुनाव खास इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि पहली बार समिति के सदस्यों का चयन गुप्त मतदान के माध्यम से होगा। पहले यह प्रक्रिया मुख्य पार्षद के मनोनयन से पूरी होती थी, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब हर उम्मीदवार को पार्षदों का विश्वास हासिल करना अनिवार्य हो गया है, जिससे मुकाबला और अधिक रोचक बन गया है। प्रशासन की ओर से चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह डीएम अभिलाषा शर्मा ने एडीसीओ अमित राजन को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया है, जबकि बीडीओ, बीसीओ और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। ये सभी अधिकारी पूरी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता बनने पर बधाइयों का तांता

# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जताया विश्वास, नेतृत्व में संगठन होगा और सशक्त, विकास को मिलेगी नई गति

- नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल की सराहना, विकास और सुशासन की मजबूत नींव बताई
- सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था में सुधार को बताया दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर जिले के राजनीतिक हलकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के नए आयाम स्थापित होंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार को विकास, सुशासन और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नीतीश कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग दो दशकों तक बिहार का नेतृत्व करते हुए विकास, सुशासन और स्थिरता की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में जो व्यापक बदलाव आए हैं, वे उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम हैं। बिहार के विकास के शिल्पकार के रूप में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा और उनका यह सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

इस मौके पर भाजपा के कई वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जताई और सम्राट चौधरी को बधाई दी। इनमें सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मनोज शर्मा, मनीष पाठक, अश्विनी सिंह, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आदित्य शेखर, प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, जुलेखा खातून, अशोक सिंह, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, अनिता सिंह, रामेश्वर बैठा, आलोक सिंह, मितेंद्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सिंह, अमरीश सिंह, विनय शर्मा, रविंद्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनींद्र राम, जितेंद्र कुमार उर्फ राजू, प्रवीण गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, उषा सिंह, सुमन अग्रवाल, सोनम सिंह, सुबोध सिंह समेत एनडीए कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आरा मशीन में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

- तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू, बछड़े की दर्दनाक मौत, नुकसान 4 लाख से अधिक
- तैयार फर्नीचर (बेड, सोफा, कुर्सियां) और कच्ची लकड़ियां जलकर राख

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)



रफीगंज के वार्ड नंबर 14 स्थित ब्लॉक रोड के समीप आज एक आरा मशीन में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में उठते धुएं के गुबार और आग की विकराल स्थिति को देखकर आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां तत्काल युद्धस्तर पर राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस दौरान स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में प्रशासन का भरपूर सहयोग किया, जिससे आग को रिहायशी इलाकों में फैलने से रोक लिया गया।

आरा मशीन के संचालक आर्यन कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बताया कि आग ने सब कुछ तबाह कर दिया है। कारखाने में तैयार रखे कीमती फर्नीचर, बेड, सोफा, पलंग और कुर्सियों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में कच्ची लकड़ियां और मशीनरी जलकर राख हो गई हैं। संचालक के अनुसार, इस अग्निकांड में लगभग 4 लाख से अधिक की संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है।

इस हादसे का सबसे दुखद पहलू एक बेजुबान जानवर की मौत रही। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां बंधा एक गाय का बछड़ा बाहर नहीं निकाला जा सका और उसकी मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। पीड़ित व्यवसायी ने अपनी बदहाली का हवाला देते हुए जिला प्रशासन से इस भारी आर्थिक क्षति के लिए उचित मुआवजे की गुहार लगाई है ताकि वह अपना व्यवसाय पुनः खड़ा कर सके। घटना के संबंध में सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मुन्ना कुमार ने बताया कि विभाग को जैसे ही सूचना मिली, दमकल की गाड़ियों को रवाना कर दिया गया था। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़े हादसे को टाल दिया गया। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और प्रशासन की टीम मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# समाहरणालय में अंबेडकर जयंती पर अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बाबा साहेब के योगदान को स्मरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित संविधान, समानता और न्याय के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूरे परिसर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण बना रहा।

माल्यार्पण समारोह में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम शार्दूल हसन खां, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार एवं बेबी प्रिया, वरीय कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप तथा डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी सहित कई अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से 13 वर्षीय छात्र की मौत

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव प्रखंड के धनाव गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे में 13 वर्षीय नाबालिग की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान धनाव निवासी रंजीत कुमार सिंह के पुत्र अंश कुमार सिसौदिया के रूप में हुई है, जो पांचवीं कक्षा का छात्र था। बताया जाता है कि उत्तर कोयल नहर निर्माण कार्य के दौरान एक कंपनी द्वारा रामरेखा नदी के समीप गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश और जलभराव के कारण काफी पानी जमा हो गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस खतरनाक गड्ढे के चारों ओर न तो कोई सुरक्षा घेरा बनाया गया था और न ही चेतावनी के संकेत लगाए गए थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंश कुमार मंगलवार को किसी काम से घर से निकला था और गड्ढे के पास पहुंच गया। इसी दौरान वह अचानक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर पड़ा और पानी में डूब गया। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि वह नहाने के उद्देश्य से गड्ढे में उतरा था, लेकिन गहराई अधिक होने और चोट लगने के कारण बाहर नहीं निकल सका।

जब काफी देर तक अंश घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई और ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान गड्ढे के पास उसकी चप्पल मिलने पर लोगों ने पानी में तलाश शुरू की, जिसके बाद काफी प्रयास के बाद उसका शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही देव थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कंपनी द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए होते, तो इस तरह की घटना नहीं होती। सरगांवा पंचायत के मुखिया विनोद सिंह ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक अंश अपने परिवार में दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

# आरएलएसवाई कॉलेज में धूमधाम से मनायी गयी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद में भारत के महान संविधान निर्माता भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती अत्यंत धूमधाम, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर पूरी तरह सजाया गया था और कार्यक्रम स्थल पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य न केवल डॉ. आंबेडकर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विजय रजक, वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने क्रमवार पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे परिसर में सामाजिक समानता, शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश गूंजता रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और दूरदर्शिता का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर जी ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। प्राचार्य ने यह भी घोषणा की कि महाविद्यालय प्रांगण में डॉ. आंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो छात्रों के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत बनेगी। नैक कोऑर्डिनेटर डॉ. तरुण माथुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा समाज में समानता और जागरूकता लाई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को आंबेडकर जी के मूलमंत्र "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. रमेश यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान किया और समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के सिद्धांतों को स्थापित किया। उनके विचार आज भी हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक हैं।

डॉ. सुमन कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं एवं दलित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वह भारतीय समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आए। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं शिक्षा के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. जुबैर आलम द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुसंगठित ढंग से किया गया।